





# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 184/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 10 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in


## जम्मू-कश्मीर में मिला लीथियम का भंडार



नई दिल्ली। देश में पहली बार लिथियम का भंडार मिला। इसकी कैपेसिटी 59 लाख टन है। लिथियम की यह पहली साइट है, जिसकी पहचान जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में की है। लिथियम एक ऐसा नॉन फेरस मेटल (अलौह धातु) है, जिसका उपयोग मोबाइल-लैपटॉप, इलेक्ट्रिक व्हीकल समेत अन्य चार्जेबल बैटरी बनाने में किया जाता है।

सांध्यप्रकाश विशेष

## शैनेल और अर्जुन की शाही शादी.. में थिरकीं स्मृति ईरानी



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बेटी शैनेल ईरानी की गुरुवार को खींवसर फोर्ट में शादी हुई. विभिन्न रस्मों के साथ शैनेल और अर्जुन शादी के बंधन में बंध गए. इस शादी में दोनों परिवारों के सदस्य और कुछ चुनिंदा मेहमान ही शामिल हुए. शादी के बीच केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी फोर्ट के ऊपर से शंखनाद करती नजर आई. वहीं एक फोटो शादी के बाद शैनेल और अर्जुन भल्ला की भी सामने आई है।



शैनेल और अर्जुन की इस शाही शादी के दौरान आने वाले मेहमानों का स्वागत राजस्थान की पारंपरिक रीति रिवाज के साथ किया गया. शादी से पहले अर्जुन भल्ला खींवसर फोर्ट में ही विंटेज कारों के काफिले के साथ अपनी दुल्हन शैनेल को लेने पहुंचे. इस बीच शाही अंदाज में अर्जुन की बारात निकाली गई. बारात लेकर पहुंचे अर्जुन भल्ला का जोरदार स्वागत किया गया. इस बीच पूरे खींवसर फोर्ट में जमकर आतिशबाजी की गई।

शैनेल और अर्जुन ने लिए सात फेरेः बारात का स्वागत पारंपरिक रीति रीवाज से किया गया. इसके बाद अर्जुन और शैनेल ने फोर्ट में बने एक विशेष मंडप में सात फेरे लिए। इससे पहले शाम 7.30 बजे दोनों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई. दोनों के शादी के बंधन में बंधने के साथ ही मौके पर मौजूद सभी लोग एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए. शादी के बाद शैनेल और अर्जुन ने मौके पर मौजूद लोगों का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर स्मृति ईरानी ने शंखनाद किया।



नो-फोन पॉलिसीः खीवसर फोर्ट में शैनेल और अर्जुन की शादी सीक्रेट रखी गई. जहां पर उनकी शादी हो रही थी वहां मेहमानों के लिए नो-फोन पॉलिसी लागू की गई थी. ऐसे में मंडप में कोई भी फोन लेकर नहीं जा सकता था। महमानों का स्वागत राजस्थानी संस्कृति सेः खींवसर में हुई शैनेल और अर्जुन की शादी में आए हुए सभी मेहमानों स्वागत राजस्थानी संस्कृति के तरीके से किया गया. मेहमानों के स्वागत के लिए राजस्थानी वेशभूषा व राजस्थानी लोकगीतों के साथ फूलों की बारिश की गई. इस शादी के लिए खींवसर फोर्ट को अंदर से दुल्हन की तरह सजाया गया. वहीं बाहर की तरफ किसी तरह का डेकोरेशन नहीं किया गया है. शादी के दौरान हाई सिक्योरिटी के इंतजाम किए गए थे।

इंस्टाग्राम पर मामाजी लाइव

## आप देश, परिवार और समाज के लिए जियें : चौहान



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के बच्चे धूम मचा रहे हैं। 2600 से ज्यादा स्टार्टअप्स प्रदेश में हैं। कई यूनिकॉर्न भी बन गए हैं। रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश हमारा लक्ष्य है। यह जीवन अमूल्य है। आप केवल अपने लिए नहीं, देश, परिवार और समाज के लिए जियें।

श्री चौहान ने आज प्रदेश के बेटे-बेटियों से इंस्टाग्राम पर संवाद किया। इसका नाम रखा मामाजी लाइव। उन्होंने कहा- यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। मैं प्रत्येक कार्यक्रम की शुरुआत कन्यापूजन के साथ करता हूं। बेटियों के बिना यह दुनिया नहीं चल सकती है। बेटियों को आने दो, उन्हें आगे बढ़ने दो। मैं प्रतिदिन पौधे लगाता हूं, लेकिन मैं यह मानता हूं कि मेरे अकेले पौधे रोपने से काम नहीं चलेगा। इसलिए मेरा यह आग्रह है कि अपने जन्मदिन और प्रत्येक शुभ अवसर पर पौधरोपण अवश्य करें। पौधे लगाने का कोई न कोई बहाना ढूंढें।

लाडली लक्ष्मी योजना के बाद लाडली बहना योजना के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का मेरा प्रयास है। मां और बहन सशक्त हो गईं, तो परिवार, समाज और प्रदेश एवं देश सशक्त होगा। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि तुम केवल साढ़े तीन हाथ के हाड़-मांस के पुतले नहीं हो। अनंत शक्तियों के भण्डार हो। तुम जो चाहो, वो कर सकते हो। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की बात कही, तो हमने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप बना दिया। आधारभूत ढांचों के विकास से लेकर शिक्षा, रोजगार व स्वास्थ्य के माध्यम से इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सतत कार्य कर रहा हूं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी वैभवशाली, गौरवशाली, सशक्त और संपन्न भारत के निर्माण के लिए अविराम कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कोविडरोधी वैक्सीन बनी और इससे भारत के साथ-साथ दुनिया को लाभ मिला।

लागा चुनरी में दाग, छिपाऊं कैसे... रुक जाना नहीं, तू कहीं हार के, कांटों पर मिलेंगे चलके तुझे साये बहार के... ऐ भाई जरा देख के चलो... गीत मुझे पसंद है और मुझे रुक जाना नहीं... अविराम कार्य करने की प्रेरणा भी देता है। एक समय था जब मध्यप्रदेश में प्रति हजार बच्चों पर 912 बेटियाँ जन्म लेती थीं। अब लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के कारण यह दर बढ़कर 956 प्रति हजार हो गई है। ओवरऑल लिंगानुपात 976 प्रति हजार हो गया है। हम सरकार के साथ समाज को जोड़कर अपने मध्यप्रदेश को नंबर एक बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।इंदौर स्वच्छता में नंबर वन हैं और हम टाइगर स्टेट के बाद अब चीता स्टेट भी बन गये हैं। सभी क्षेत्रों में मध्यप्रदेश को नंबर एक बनाने के लिए सतत कार्य कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने किया ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 का शुभारंभ

## छह साल में देश का ग्रोथ इंजन बना यूपीः मोदी



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यूपी सिर्फ छह साल में देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। एक समय था जब यूपी बीमारू राज्य कहलाता था। हर कोई यूपी से अपनी उम्मीदें छोड़ चुका था, लेकिन बीते 5-6 वर्षों में यूपी ने अपनी नई पहचान स्थापित कर ली है। अब यूपी अपनी गुड गवर्नेंस के लिए पहचाना जा रहा है। वे यूपी में आज से शुरू हुए तीन दिवसीय यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 को संबोधित कर रहे थे। आयोजन के लिए लखनऊ पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में बताया कि इस इंवेस्टर्स समिट में 29 लाख 92 हजार करोड़ के 18643 एमओयू साइन हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत में सोशल, डिजिटल और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जो काम हुआ है उसका बड़ा लाभ यूपी को भी मिला है। हमने दर्जनों पुराने कानूनों को खत्म किया है और आज भारत सही मायनों में स्पीड और स्केल के रास्ते पर चल पड़ा है। उन्होंने कहा कि आज इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार रिकॉर्ड खर्च कर रही है और हम हर साल इसको बढ़ा रहे हैं। ग्रीन ग्रोथ के जिस रास्ते पर भारत चल पड़ा है उस पर मैं आपको विशेष रूप से आमंत्रित करता हूं। इस वर्ष बजट में हमने 35 हजार करोड़ रुपये सिर्फ एनर्जी ट्रांजिशन के लिए रखे हैं। यह दिखाता है कि हमारा इरादा क्या है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बहुत जल्द यूपी देश के उस इकलौते राज्य के रूप में जाना जाएगा, जहां 5 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ यूपी में सरकारी सोच और अप्रोच में ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस को लेकर सार्थक बदलाव आया है। आज यूपी एक आशा... एक उम्मीद बन चुका है। आज दुनिया की हर विश्वसनीय आवाज यह मानती है कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ती रहेगी। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है भारतीयों का खुद पर बढ़ता भरोसा। आज भारत का हर नागरिक ज्यादा से ज्यादा विकास होते देखना चाहता है, वो अब भारत को जल्द से जल्द विकसित होते देखना चाहता है। ये जन आशाएं ही विकास के कार्यों में गति ला रही हैं। मुख्यमंत्री योगी बोले, प्रदेश में निवेश के लिए 29 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में विकास का माहौल बन रहा है। प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रहा है। यही कारण है कि यूपी इंवेस्टर्स समिट 2023 में प्रदेश में निवेश के लिए 18643 एमओयू साइन हुए हैं। जिससे प्रदेश में 29 लाख 92 हजार करोड़ के निवेश का रास्ता खुला है।


## डी-लिस्टिंग गर्जना रैली में उमड़ा सैलाब, पारंपरिक वेषभूषा में पहुंचे जनजातीय समाज के लोग



भोपाल। जो लोग जनजाति समाज की संस्कृति और पूजा-पद्धति से अलग हो गए हों, उन्हें नौकरियों व छात्रवृत्तियों में आरक्षण और शासकीय अनुदान का लाभ नहीं देने और ऐसे लोगों की डी-लिस्टिंग की मांग को लेकर जनजातीय समुदाय आज भोपाल के भेल दशहरा मैदान में डी-लिस्टिंग गर्जना रैली कर रहा है। इसका आयोजन जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से किया जा रहा है। इस रैली के लिए शुक्रवार सुबह से ही प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से जनजातीय समाज के लोगों का भोपाल पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।।

डीलिस्टिंग गर्जना महारैली में झाबुआ, आलीराजपुर, शहडोल, सतना, छिंदवाड़ा, बैतूल, खरगौन सहित प्रदेश के करीब 40 जिलों से जनजाति बंधु आए हुए हैं। इस महारैली में बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में भी पहुंचे। इनमें महिलाओं की तादाद भी काफी है। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व आदिवासी लोक कलाकारों द्वारा मंच पर सांस्?कृतिक कार्यक्रम पेश किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में आए विभिन्न जिलों के कई आदिवासी गांव के लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में ईसाई मिशनरी पिछले कई सालों से सक्रिय है जोकि छोटे आदिवासी पिछड़े लोगों को कपड़े पैसे आदि का लालच देकर अपने धर्म में शामिल कर रही है। इन सभी पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेशभर के सभी आदिवासी यहां एकत्र हुए हैं। ईसाई मिशनरी धीरे-धीरे आदिवासी समाज को अपने धर्म में शामिल करने का भरसक प्रयास कर रही है। कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है। यहां कार्यक्रम में आने वाले लोगों को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श व दवाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

## पिछले साल का बजट भाषण पढ़ गए गहलोत, सदन में माफी मांगी



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज विधानसभा में पुराना बजट भाषण पढ़ दिया। करीब 6 मिनट तक वे पुराना बजट पढ़ते रहे, तभी जलदाय मंत्री महेश जोशी ने आकर सीएम के कान में कुछ कहा और वो ठिठक गए। गहलोत का भाषण रुका, विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया।

इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब किसी विधानसभा में पुराना बजट भाषण पढ़ा गया हो और इस पर जोरदार हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दो बार रोकनी पड़ी। सीएम गहलोत बजट भाषण के लिए जब तीसरी बार खड़े हुए तो माफी मांगी। उन्होंने कहा, जो कुछ हुआ उसके लिए सॉरी फील करता हूं। विपक्षी सदस्य भारी हंगामा करते हुए सदन के वेल में आ गए थे। विपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने पुराना बजट पढ़ा है। भारी हंगामे के कारण सदन आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव ऊषा शर्मा को तलब किया और अफसरों की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की। गहलोत बोले- बजट भाषण में एक पेज एक्स्ट्रा पेज लग गया दोबारा सदन की कार्रवाई शुरू हुई तो सीएम अशोक गहलोत ने सफाई दी। कहा, %बजट भाषण की इस कॉपी में फर्क हो तो बताइए। एक एक्स्ट्रा पेज लग गया गलती से। मैं एक पेज गलत पढने लग गया। लीक होने का सवाल कहां से आ गया?

## पुलिस से बचने के लिए दूसरी मंजिल से कूदा, मौत

खंडवा। संवाददाता। दिल्ली में हत्या कर मध्यप्रदेश में फरारी काट रहा आरोपी पुलिस से बचकर भागने की कोशिश में दो मंजिला इमारत से कूद गया। पत्थर पर गिरने से उसका सिर फूट गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में छिपे हुए थे। यहां वे एक होटल में ठहरे हुए थे। गुरुवार शाम तीनों जिम में एक्सरसाइज करने पहुंचे, तभी दिल्ली पुलिस ने लोकल मांधाता पुलिस के साथ रेड की। आरोपियों में एक नाबालिग है। जब ओंकारेश्वर में इन आरोपियों की धरपकड़ चल रही थी, तो स्थानीय लोगों ने दिल्ली पुलिस के साथ मारपीट कर डाली। उन्हें लगा कि वे बदमाश हैं और किसी सज्जन को पकड़कर वारदात कर रहे हैं। गलतफहमी के चक्कर में एक पुलिसकर्मी को लोगों ने पीट दिया।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया नागपुर टेस्टः रोहित शर्मा ने 9वां शतक जमाया



**नागपुर।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबला नागपुर के जामथा स्टेडियम में खेला जा रहा है। दूसरे दिन का खेल जारी है और दूसरा सेशन चल रहा है। पहली पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम के 177 रनों के जवाब में टीम इंडिया ने 5 विकेट पर 177 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा क्रीज पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 9वां टेस्ट शतक जमाया है। वे बतौर कप्तान तीनों फॉर्मेट में शतक जमाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने हैं। दुनिया भर के बल्लेबाजों की बात करें तो रोहित से पहले तिलकरत्ने दिलशान, फॉफ डुप्लेसी और बाबर आजम ऐसा कर चुके हैं सूर्यकुमार यादव 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नॉथन लायन ने बोल्ड कर दिया। इससे पहले, विराट कोहली 12 रन, चेतेश्वर पुजारा 7 रन, रविचंद्रन अश्विन 23 रन और केएल राहुल 20 रन बनाकर आउट हुए। डेब्यू मैच खेल रहे टॉड मर्फी ने चार विकेट चटकाए हैं। जबकि एक विकेट नॉथन लायन को मिला।

## एसएसएलवी- डी2 रॉकेट से 3 उपग्रहों का प्रक्षेपण, इसरो की एक और उपलब्धि



अहमदाबाद। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को एक और उपलब्धि हासिल कर ली। छोटे रॉकेट, लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) से शुक्रवार को तीन उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया। इससे पहले एसएसएलवी-डी2 (डी-डेवलपमेंटल फ्लाइट नंबर 2) के प्रक्षेपण के लिए साढ़े छह घंटे की उल्टी गिनती शुक्रवार तड़के 2.48 बजे शुरू हुई। पिछले साल सात अगस्त को एसएसएलवी के पहले मिशन में सही कक्षा में उपग्रह स्थापित नहीं हो सके थे, क्योंकि आखिरी चरण में खामी आ गई थी।इसरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उपग्रहों का प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा राकेट पोर्ट के पहले लांचपैड से सुबह 9.18 बजे किया गया। एसएसएलवी-डी2 से जिन तीन उपग्रहों को प्रक्षेपित किया गया, उनमें इसरो का एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह-07 (ईओएस-07), अमेरिका का जानस -1 उपग्रह और स्पेस किड्ज इंडिया का आजादीसैट-2 शामिल हैं।

## कार पीछे से ट्रक में घुसी; 2 की मौत, महिला घायल



गुना। गुना में हाईस्पीड कार पीछे से ट्रक में घुस गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। कार के पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार सुबह 10 बजे जिले के विजयपुर इलाके की है। दिल्ली पासिंग कार गुना से ब्यावरा तरफ जा रही थी। थाना प्रभारी जुबेर खान ने बताया कि दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दोनों के शव कार में आगे बुरी तरह फंसे हुए थे।

### पत्नी की हत्या कर खुद थाने पहुंचा पति

ग्वालियर। ग्वालियर में युवक ने अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या कर दी है। पति रात को शराब के नशे में घर पहुंचा। विवाद के बाद उसने पत्नी की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी है। हत्या करने के बाद कुछ घंटे पत्नी के शव के पास बैठकर रोता रहा, फिर थाने पहुंचा और पुलिस के सामने पूरी घटना बताई। कहा कि पत्नी बेवफा थी। आरोपी अवधेश स्वर्णकार और सोनम ने लव मैरिज की थी।

## राज्यसभा में जोरदार हंगामा, लोकसभा में भिड़े मंडाविया और डीएमके सांसद



नई दिल्ली। आज लोकसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और डीएमके सांसदों के बीच जोरदार बहस हुई। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, मैं ऐसे मेडिकल कॉलेजों को संचालित करने की अनुमति नहीं दूंगा जहां पर्याप्त संकाय और बुनियादी ढांचा नहीं है। एम्स मदुरै की स्थापना पर काम चल रहा है। स्वास्थ्य को राजनीति का मुद्दा न बनाएं। उधर, राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर हंगामा हुआ, जिसको लेकर उपराष्ट्रपति धनखड़ ने नाराजगी जताई।राज्ससभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों पर सभापति की आपत्ति के बाद कांग्रेस और विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। इससे पहले, सदन के नेता ने राज्यसभा के सभापति से चर्चा करने के लिए विपक्षी नेताओं को अपने कक्ष में बुलाने और यह देखने का आग्रह किया कि क्या वे व्यवस्था बनाए रखने में रुचि रखते हैं।

### हम बदले की भावना नहीं रखतेः कांग्रेस

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, हमें किसी से बदले की भावना नहीं है। राहुल गांधी ने अपने भाषण में जो कुछ भी कहा, वह मनगढंत नहीं था। बल्कि उन्होंने अपनी टिप्पणी हिंडनबर्ग रिपोर्ट द्वारा लगाए गए आरोपों और दावों के आधार पर की है। उन्होंने कहा, संविधान के अनुच्छेद 105 के अनुसार, हम संसद में अपने विचार बिना फिल्टर किए रख सकते हैं। यह दुख की बात है कि राहुल गांधी को गलत तरीके से फंसाया जा रहा है। राहुल गांधी के मन में किसी से बदले की भावना नहीं है।

### विपक्षी सांसदों ने दिया धरना

संसद की कार्यवाही के दौरान वामपंथी सांसदों ने गांधी प्रतिमा के सामने धरना दिया। सांसदों की मांग है कि पीएफ पेंशन पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू किया जाए और न्यूनतम पेंशन को बढ़ाकर 9,000 रुपये प्रति माह किया जाए।

## खजूरी सड़क पहुंची विकास यात्रा, किया भव्य स्वागत

# 2024 तक हुजूर विधानसभा में घर घर पहुंचेगा जल: रामेश्वर शर्मा



**संत हिरदाराम नगर।** जन-जन की समृद्धि की विकास यात्रा लोकप्रिय विधायक माननीय श्री रामेश्वर शर्मा जी के नेतृत्व में आज खजूरी सड़क पहुंची। ग्राम पंचायत खजूरी सड़क की सरपंच श्रीमती गुलाब भाई दिनेश पटेल द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत तथा शॉल श्रीफल से माननीय विधायक श्री रामेश्वर शर्मा जी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में माननीय विधायक श्री रामेश्वर शर्मा जी ने ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के विभिन्न विकास कार्यों लोकार्पण भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया तथा ग्राम पंचायत के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत बने हितलाभ प्रमाण पत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम में ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए माननीय श्री रामेश्वर शर्मा जी ने कहा प्रमुखता से खजूरी सड़क सहित हुजूर विधानसभा के सभी ग्रामों में मार्च 2024 तक नलों से जल पहुंचाने की बात कही।साथ ही ग्राम में किराए के घरों में रह रहे परिवारों की मांग पर तुरंत पटवारी श्री योगेश राठौर को किराए से रह रहे परिवारों की सूची तैयार कर पात्र परिवार को घर बनाने हेतु भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री प्रमोद राजपूत,सरपंच प्रतिनिधि श्री दिनेश पटेल जी,उप सरपंच प्रीतम मेवाड़ा जी,पार्षद वार्ड 3 श्री विकास मारण जी,श्री सत्यनारायण शर्मा जी,श्री जितेंद्र नागर सरपंच बकानिया,श्री महेश मीना धमनिया सरपंच श्री दिनेश खंडेलवाल एवं अन्य गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# किसान के बेटों की बारात हेलीकॉप्टर से पहुंची



**भोपाल।** राजधानी समीप स्थित ग्राम कुराना में मंडलोई परिवार द्वारा हेलीकॉप्टर से दुल्हा ने उड़ान भरी ग्राम कुराना निवासी सुमेर सिंह मंडलोई एवं गजराज सिंह मंडलोई क्षेत्र के बड़े किसान हैं। उनके बेटे हेम सिंह मंडलोई और यशपाल सिंह का रिश्ता दुमला के सरपंच ज्ञान सिंह मंडलोई की पुत्री पूजा एवं महेश मेवाड़ा की पुत्री अरुणा के साथ तय हुआ। इसके लिए दोनों दूल्हा हेलीकॉप्टर से शुजालपुर के लिए ग्राम कुराना से बारात लेकर गए। सिविल इंजीनियर शिक्षा प्राप्त दूल्हा हेम सिंह मंडलोई ने बताया कि इससे पहले सन 2014 में उनके बड़े भाई शादी के समय भी हेलीकॉप्टर ले गए थे। बीकॉम ऑनर्स शिक्षा प्राप्त यशपाल सिंह का कहना है कि उनके पूर्वजों एवं बुजुर्गों का आशीर्वाद है गजराज सिंह ने कहा कि वह अपनी खुशी में सभी को शामिल करना चाहते थे।

## नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर महाशिवरात्रि पर होगी कालसर्प, पितृ दोष पूजन



**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर सैनिक कालोनी नुक्कड वाली माता मंदिर प्रागण में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर 101 जोडों द्वारा कालसर्प, पितृ दोष, मंगल दोष निवारण पूजन एवं भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा। उज्जैन से आचार्य चैतन्य स्वरुप महाराज द्वारा विधि विधान से पूजन सम्पन्न कराई जाएगी। पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि पूजन को लेकर आयोजन समिति का गठन किया गया। मां कंकाली गौरव बचाओ गौ रक्षा समिति के अध्यक्ष विष्णु विश्वकर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि जो भक्त तीर्थ यात्रा एवं पूजन कराता है उसको परम सुख प्राप्त किया जाता है। आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें विष्णु विश्वकर्मा, कमल मनसुखानी, भूपेन्द्र सिंह गुर्जर, पं नंदू जोशी, रुप कुमार सोनी, प्रकाश मूरजानी, त्रिलोक नारायण यादव, पवन सिंह धाकड, वीरेन्द्र सिंह चैहान, सुनील भास्कर, मेजर एच.आर चैधरी, अनिल मराठा, सचिन तिवारी, अजय जैन, वीरा स्वामी को नियुक्त किया गया है।

## धर्म जागरण समिति द्वारा सेवा बस्तियों में धर्म ग्रंथ की पुस्तके भेंट की



संत हिरदाराम नगर। धर्म जागरण समिति द्वारा सेवा बस्तियों में जाकर 200 से अधिक परिवारों को धार्मिक ग्रंथ की पुस्तके भेंट की गई। धर्म जागरण समिति के लोगों ने कहा कि अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत सेवा बस्तियों में जाकर श्री रामचरितमानस की पुस्तकें भेंट कर अध्ययन करने की अपील की जा रही है। वरिष्ठ पदाधिकारी नवनीत अग्रवाल और अमित जैन तडेया ने बताया शीघ्र ही रामायण पर आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी भोपाल में सभी के सहयोग से आयोजित होगा। इस अवसर पर जितेन्द्र धाकड़, चेतन पटेल, मनोज शर्मा, प्रेम नारायण शर्मा, दुर्गेश मालवीय, भगवानदास ढालिया, मुकेश शर्मा, डॉ. रमेश माधव, मनोज सोनी, अजय अग्रवाल लाला, मनीष जैन, अशोक साकल्ले आदि उपस्थित थे।

# मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में स्टार्टअप अवेयरनेस शिविर आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी मे 2 दिवसीय स्टार्टअप एवं इंटरप्रेन्योरशिप बूटकैम्प का शुभारम्भ हुआ। मध्यप्रदेश स्टार्टअप सेंटर और कलचुरी एलएनसीटी ग्रुप इन्क्यूबेशन सेंटर के तत्वाधान में आयोजित इस बूटकैम्प का आयोजन किया गया । इसमें 200 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक कार्यशाला मे शामिल हुए । कार्यक्रम के प्रारम्भ में सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन किया गया। पहले दिन के आमंत्रित अतिथियों में कलचुरी इन्क्यूबेशन सेंटर से डॉ अनुराग एस डी राय, कार्यक्रम संयोजक विष्णु प्रसाद मरकाम के साथ मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ आयुर्वेद के प्रोफेसर डॉ पवन शर्मा, डिपार्टमेंट ऑफ़ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ सतीश सारणकर मौजूद थे। अतिथियों के स्वागत के बाद विभिन्न एक्सपर्टस द्वारा सेशन रखे गए। डॉ अनुराग एस डी राय ने अपने वक्तव्य में स्टार्टअप एवं इंटरप्रेन्योरशिप के बारे में बताया और आइडियाज को किस तरह बिज़नेस आईडिया में बदलना है,उसके बारे में बताया । इसके बाद आइकोनिक इंस्टिट्यूट ऑफ लीडरशिप के संस्थापक, राज रायज्यादा, ने स्टूडेंट्स के साथ चर्चा करते हुए उन्हें नए आइडियाज पर लगातार काम करते रहने की सलाह दी और अपने स्टार्टअप्स के दौरान किये गए अनुभवों को साझा किया । दूसरे सत्र में यूथ फॉर सेवा के मध्यप्रदेश प्रभारी अतुल विश्वकर्मा और श्रवण पटेल जी ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से उद्यमिता के विभिन्न विषयों पर चर्चा कर 2 दिवसीय कार्यशाला की सराहना की और युवाओं को प्रेरित किया। मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्टार्टअप एवं इंटरप्रेन्योरशिप सेल तरकश के संयोजक राहुल मालवीय ने अतिथियों का धन्यवाद दिया और इस आयोजन को आज के दौर के लिए बेहद जरुरी बताया । डॉक्टर पवन शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर इंजीनियर गौरव तिवारी ने इस आयोजन के लिए मध्यप्रदेश स्टार्टअप सेंटर और कलचुरी इन्क्यूबेशन सेंटर का धन्यवाद दिया और मानसरोवर यूनिवर्सिटी से अच्छे स्टार्टअप्स सोसाइटी को देने का आश्वासन दिया जिससे स्टूडेंट्स रोज़गार देने वाले जिम्मेदार नागरिक बनें। ग्रुप की चांसलर श्रीमती मंजुला तिवारी ने इस आयोजन को बेहद ख़ास बताया और सभी आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन भी कई जाने माने वक्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में कलाकुंज फ़ाउंडेशन ने किया अन्वी सशक्त नारी सम्मान समारोह का आयोजन

**भोपाल।** कोलर रोड एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में कलाकुंज फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अन्वी सशक्त नारी सम्मान समारोह का आयोजन 4 मार्च 2023 को एल एन सी टी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में करने जा रहा है 7 कार्यक्रम का समय सुबह 11ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक रहेगा 7 इस आयोजन में समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रही उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा 7 इस वर्ष ओपन नॉमिनेशन भी लिए जा रहे हैं जिससे मध्य प्रदेश की हर महिला इस अवार्ड के लिए आवेदन कर सकें 7 चयनित हर कैटेगरी में कुछ महिलाओं को मंच पर सम्मानित किया जाएगा और सभी को डिजिटल सर्टिफिकेट ईमेल के माध्यम से प्रदान किए जाएंग।

संस्था की फाउंडर श्रीमती पूजा श्री चौकसे जी का हमेशा से यही प्रयास रहा कि प्रदेश के हर वर्ग की महिला को उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान देने के साथ ही उनके मनोबल को और मजबूती दी जाए।प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य कर रही हर महिला इस अवार्ड के लिए अप्लाई कर सकती है, चाहे वह सिलाई कढ़ाई, एजुकेशन, स्वास्थ्य, तकनीक, फैशन, पत्रकारिता, फोटोग्राफी, कला अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाएं इस अवार्ड के माध्यम से अपनी सफलता की कहानी लोगों तक पहुंचा सकती है।

### सिकरवार अध्यक्ष नियुक्त



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पत्रकारों के हित में काम करने वाला प्रदेश के पत्रकारों का सबसे बड़ा संगठन मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की भोपाल इकाई भोपाल श्रमजीवी पत्रकार संघ का अध्यक्ष अर्पित सिंह सिकरवार को नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि प्रख्यात मीडिया एक्टिविस्ट अर्पित सिंह सिकरवार कई हिंदी एवं अंग्रेजी अखबारो में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सिकरवार के अध्यक्ष बनने पर भोपाल के पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

## एआईबीईयू कार्यालय में ईपीएस-95 हायर पेंशन को लेकर हुई कार्यशाला

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लाईज यूनियन कार्यालय पर 9 फरवरी गुरुवार को शाम 3 बजे से इम्प्लाइज पेंशन स्कीम - 95 के हायर पेंशन संबंध में कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी साझा करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे ईपीएस-95 हायर पेंशन की लड़ाई लड़ने वाले एवं विशेषज्ञ टीम में श्री चंद्रशेखर परसाई, श्री अनिल वाजपेयी, पूर्व ईडी श्री एस एन डागा, वरिष्ठ कर्मचारी नेता श्री जे एस पूरी, श्री जे पी गौड़, श्री महेश मालवीय, श्री अशोक शर्मा, श्री एन. आर. शर्मा ,ऐबू यूनियन के महासचिव रामनारायण गिरी के साथ पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सैकड़ो की संख्या में कर्मचारी उपस्थित हुए।कार्यशाला में सभी वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी अंत मे चंद्रशेखर परसाई जी ने विस्तृत जानकारी साझा करते हुए। केस की शुरुआत से अंत तक कि जानकारी दी। अंत मे कर्मचारियों द्वारा पूंछे गए प्रश्नों के सकारात्मक उत्तर दिए गए। यूनियन पदाधिकारियों द्वारा ईपीएस-95 एक्शन कमिटी के सभी वक्ताओं का सम्मान किया गया।

## गोदरेज ने महत्वपूर्ण नवाचार के जरिए मध्य प्रदेश में घरेलू कीटनाशक प्रारूपों को सर्वसुलभ बनाया




भोपाल। मच्छर जनित बीमारियों के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत ने एक बड़ी छलांग लगाई है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) द्वारा विकसित दो स्वदेशी नवाचार - दुनिया का सबसे कम लागत वाला लिक्विड मॉस्किटो रिपेलेंट डिवाइस और नो-गैस इंस्टेंट मॉस्किटो-किल स्प्रे को मध्य प्रदेश में लॉन्च किया गया।

ब्रांडेड गुडनाइट मिनीलिक्विड और हिट नो-गैस स्प्रे, ये नवाचार कम आय वाले उपभोक्ताओं के लिए मच्छरों से बचाने वाले सुरक्षित और धूम्ररहित समाधानों को सुलभ बनाते हैं। आज निम्न आय वाले अधिकांश लोग अधिक धुआं देने वाले असुरक्षित और अनियंत्रित अगरबत्तियों का उपयोग करते हैं। डॉक्टर मच्छर भगाने के लिए इन नकली अगरबत्तियों का उपयोग न करने की चेतावनी देते हैं क्योंकि इनसे ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, रिएक्टिव एयरवे बीमारी और अन्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। जबकि विनियमित और सुरक्षित धूम्ररहित समाधानों के बारे में व्यापक रूप से लोगों को जानकारी थी, लेकिन अब तक ये ऊँची कीमतों पर ही उपलब्ध थे और इन समाधानों की विशेषताएं इन उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं थीं। जीसीपीएल ने इन जरूरतों को गहराई से समझा और महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास के साथ नवाचारों को विकसित किया है। सबसे पहले, उन्हें यह पता चला कि निम्न आय वाले अधिकांश परिवारों को रात के समय मच्छरों के संक्रमण का अधिक खतरा होता है और इसलिए उन्हें लगातार उच्च प्रभाव वाले रिपेलेंट की आवश्यकता होती है। इसके परिणामस्वरूप गुडनाइट मिनी को सिंगल मोड मशीन के रूप में तैयार किया गया, जो पूरी रात काफी असरदार बनी रहती है। केवल 50 रुपये (रिपेलेंट मशीन + रीफिल) की कीमत और 35 रुपये की रिफिल वाले इस समाधान के उपयोग पर एक रात के लिए सिर्फ 2.5 रुपये का खर्च आता है। भारत में 95त्न+ विद्युतीकरण होने के साथ (मार्च 2022 में जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण - 5वीं रिपोर्ट के अनुसार), इस डिवाइस को व्यापक रूप से उपयोग में लाए जाने की उम्मीद है।

दूसरी बात, चूंकि कम आय वाले परिवारों के पास अपेक्षाकृत छोटे कमरे होते हैं, इसलिए बड़े कमरों में अधिक मात्रा में फैलने के लिए डिज़ाइन किए गए महंगे एलपीजी आधारित एयरोसोल स्प्रे उपयुक्त नहीं थे। जीसीपीएल ने नो-गैस डिओडोरेंट्स से प्रेरणा ली और हिट नो-गैस स्प्रे विकसित किया, जो मच्छर-मारने वाला, जल आधारित नवीन स्प्रे है, जिसके एक बार के उपयोग पर अधिकतम 1.5 रुपये का खर्च आता है। जीसीपीएल द्वारा किए गए परीक्षणों के अनुसार, हिट नो-गैस स्प्रे नकली अगरबत्ती की तुलना में मच्छरों को तेजी से मारता है और यह पूरी तरह से सुरक्षित एवं धुआंरहित है।

# क्राईस्ट मेमोरियल स्कूल बैरागढ़ में विदाई समारोह का किया आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** क्राईस्ट मेमोरियल स्कूल बैरागढ़ में 4 फरवरी 2023 दिन शनिवार को ग्यारहवी कक्षा के छात्र- छात्राओ द्वारा कक्षा 12वीं के छात्र- छात्राओं को विदाई पार्टी दी गई। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति के बीच विद्यालय परिवार के संचालक, शिक्षाविद डॉ. मेनिस मैथ्यूज़, प्राचार्य परमेन्द्र दरयानी तथा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम का आरंभ ईश्वर वंदना से करते हुए छात्र-छात्राओं सबसे पहले सुन्दर-सुन्दर पोशाकों में रेम्प - वॉक कर सबका मन मोह लिया। कुछ छात्र-छात्राओं ने कविता के माध्यम से अपने पूरे विद्यालय जीवन को याद किया। जिसे सुनकर सभी छात्र भावुक नजर आए। नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति के साथ - साथ अलविदा थीम पर गाने गुन गुनाते हुए कक्षा 12वीं के छात्र- छात्राओं ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन छात्र-छात्राओ ने बारी- बारी से किया।

विद्यालय के संचालक श्री मेनिस मैथ्यूज़ जी ने कक्षा 12वीं के छात्र - छात्राओं को उनके आगामी जीवन के लिए मंगल कामना करते हुए समाज और देश के लिए कुछ करने को प्रेरित किया। संचालक महोदय जी का ऊर्जावान भाषण छात्रों ने टकटकी बांध कर सुना, और धन्यवाद देते हुए छात्र-छात्राओं ने कहा कि यह शब्द हमारे लिए जीवन पर प्रेरणा स्त्रोत का काम करेंगें ।

अंत में छात्र-छात्राओं ने सभी का आभार मानते हुए नम आँखो से विद्यालय परिवार को विदाई दी। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को अंलकृत किया गया। जिसमें मिस्टर सी.एम.एस दिव्याशुं दुबे, मिस सी.एम.एस. सुरभि रावत, मिस्टर इव वेदांत खत्री, मिस इव श्वेता तिवारी, बेस्ट कॉस्टयूम मेल- अभिमन्यु शर्मा, बेस्ट कॉस्टयूम फिमेल-कीर्ति वासवानी, बेस्ट स्माईल - तानया, अर्ली बर्ड - नितिन मेवाणा को नवाज़ते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# आमजन की जिंदगी बदलने का अभियान है विकास यात्राः गोविंद सिंह राजपूत



## विकास यात्रा के दौरान राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

विकास यात्रा आमजन के जीवन को शसक्त और समृद्ध बनाते हुये उनकी जिन्दगी बदलने का अभियान है। विकास यात्रा के माध्यम से सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोड़ते हुये उनके जीवन स्तर को उठाना सरकार मुख्य उद्देश्य है। विकास यात्रा के माध्यम से सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं से वंचित रहे लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का यह महत्वपूर्ण अभियान है। यह बात राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निकाली गई विकास यात्रा के दौरान अपने संबोधन में कही। इस अवसर पर श्री राजपूत द्वारा नये मतदाताओं का स्वागत किया गया तथा प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाया गया एवं विकास रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

श्री राजपूत ने गुरूवार को विकास यात्रा के दौरान ग्राम तालचिरी, हनौतासागर, लखनी, सोठिया तथा सलैयागाजी पहुंचे थे, जहां उन्होंने करोड़ो के विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुये क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात दी। इस अवसर पर श्री राजपूत ने कहा कि भाजपा की सरकार हर वर्ग, हर समाज के लिये समानता से काम करने वाली सरकार है, जिसमें प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी योजना, निःशुल्क खाद्यान वितरण, किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना जैसी कई योजनायें है जो हर वर्ग, हर समाज के लोगों को बिना भेदभाव के चलाईं जा रहीं है जिनसे लोग लाभांवित हो रहे है। प्रदेशभर में विकास यात्रा निकाली जा रही है जिसका मुख्य उद्देश्य ऐसे पात्र हितग्राहियों को सरकार की योजना से जोड़ना है जो किसी भी कारणवश अबतक नहीं जुड़ पाये हैं। राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पंचायत भवन, मंदिर निर्माण, स्कूल की बाऊंड्रीबाल निर्माण कार्य, सीसी रोड एवं आईटी सेंटर, स्ट्रीट लाईट, रविदास मंदिर, सुदुर सड़क मार्ग सोठिया से वीरपुरा तक, प्राथमिक शाला की बाऊंड्रीबाल, हाई माक्श लाईट, मंगल भवन सहित कई विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुये ग्रामवासियों को शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता साहब सिंह, बाला प्रसाद तिवारी, भोले यादव, गोविंद यादव, रोशन कुर्मी, जगन्नाथ कुर्मी, चैनसिंह चढ़ार, शोभाराम चढ़ार, मुन्नालाल, भगवानदास, रघुवीर सिंह, पप्पू जैन, रामसींग ठाकुर सहित एस.डी.एम तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, जनपद सीईओ, सरपंच, सचिव सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी व भाजपा कार्यकर्ता सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ऋषिकेश में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योगिनी अवार्ड सम्मेलन कल से



सम्मानित होंगी देश-विदेश की योगिनी, मुख्यमंत्री धामी होंगे मुख्य अतिथि

**भोपाल।** एडुजीलाइफ (एजुकेशन फार गर्ल लाइफ) संस्था भोपाल, परमार्थ निकेतन ऋषिकेश और परीधि आर्ट ग्रुप के साथ एक अंतरराष्ट्रीय योगिनी अवार्ड सम्मेलन 11-12 फरवरी को ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन आश्रम में करने जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए एडुजीलाइफ संस्था की अध्यक्ष एवं इंडिपेंडेंट डायरेक्टर भारी उद्योग मंत्रालय दिल्ली डॉ आरएच लता ने बताया कि यह योगिनी अवार्ड का दूसरा वर्ष है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य देश-विदेश में योग का व्यापकता से प्रसार-प्रचार और इस क्षेत्र में वर्षों से कार्य कर रही मातृशक्ति को उन्नत और उच्च सहयोग एवं संबल प्रदान करना है। डॉ लता ने कहा कि देश में शिक्षा क्षेत्र के बाद सबसे अधिक महिलाएं योग के क्षेत्र में कार्य कर रही है। पर बहुतायत यह देखने में आता है कि उन्हें इस सेवा के प्रति प्रेरित नहीं किया जाता और सम्मान भी नहीं दिया जाता है। जबकि उनका योगदान समाज में निःस्वार्थ भाव से ज्यादा है। डॉ लता ने बताया कि भारत में जी-20 की प्रक्रिया के तहत नियोजित विभिन्न क्षेत्रों को सहयोग करते हुए एडुजीलाइफ भारत के स्वर्णिम अमृत काल के लिए वचनबद्ध है।

इस भव्य कार्यक्रम की सहयोगी आयोजक परिधि आर्ट ग्रुप के संस्थापक निर्मल रतनलाल वैद्य और इंडियन स्कूल ऑफ इमेज मैनेजमेंट की फाउंडर सुश्री सोनिया दुबे दीवान ने सभी योगिनी अवार्ड बहनों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक राष्ट्र की प्रगति आधी आबादी की संपन्नता और प्रसन्नता पर निर्भर करती है। योग के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी न केवल भारत बल्कि विश्व में भी अधिक है। इस योग की ऊर्जा को एडुजीलाइफ योगिनी अवार्ड और सम्मेलन के माध्यम से एकत्र करने का प्रयास कर रही है।

## स्कूलों की मान्यता और नवीनीकरण 13 तक

**भोपाल।** आयुक्त लोक शिक्षण अभय वर्मा ने बताया है कि संभागीय संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा स्तर से अमान्य हुए प्रकरणों में अपील की तिथि 6 फरवरी नियत की गई थी। एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल की ऑनलाइन रिपोर्ट अनुसार अधिकांश अशासकीय विद्यालयों द्वारा ऑनलाइन प्रथम अपील नहीं की गई है।

## दूरसंचार विभाग में साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

**भोपाल ।** साइबर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत दूरसंचार विभाग, म.प्र.लाइसेंस सर्विस एरिया के सुरक्षा और डिजिटल इंटेलीजेंस% अनुभाग द्वारा ? साइबर सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन, कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा में 9 फरवरी को किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी वरिष्ठ उपमहानिदेशक राधेश्याम परमार, उपमहानिदेशक (सुरक्षा एंव डिजिटल इंटेलिजेंस) पुनीत कुमार श्रीवास्तव, निदेशक, नीलेश श्रीवास्तव, सहायक महानिदेशक, हर्षित मोदी, उपनियंत्रक चेतराम मीना, सहायक निदेशक, मुकुंद मिश्रा, लेखाधिकारी, शुभालिका तिवारी एंव नियंत्रक कार्यालय के करीब 30 कर्मचारी/ अधिकारी उपस्थित थे। परमार ने साइबर सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। पुनीत श्रीवास्तव ने साइबर खतरे से निपटने के लिए दूरसंचार विभाग द्वारा किये जा रहे उपायो की जानकारी दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा के लिए सभी को सर्तक और जागरुक रहने के लिए कहा तथा सुरक्षा उपायो को कड़ाई से लागू करने पर जोर दिया। उपनियंत्रक श्री मीना ने साइबर सुरक्षा उपायों को अंगीकृत एंव लागू किये जाने की जानकारी दी। सभी उपस्थित कर्मचारियों/अधिकारियों ने इस कार्यशाला को बहुत उपयोगी बताया।

## एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा स्कूली बच्चों के लिए स्केच एन्ड पेंट अफेस प्रतियोगिता 22 तक

**भोपाल ।** स्कूली बच्चे अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन कर बिजली और विद्युत के सबसे कल्पनाशील और आकर्षक डिजाइन बना कर विजेता बन सकते हैं। इसके लिए एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा स्कूली बच्चों के लिए एक स्केच एन्ड पेंट अ फेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 10 तक के सभी बच्चे भाग ले सकेंगे।प्रतियोगिता की विजेता प्रविष्टियों को न केवल आकर्षक पुरस्कार प्राप्त होंगे बल्किआ एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा ऊर्जा दक्षता और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए भी इसका उपयोग किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने की आखिरी तारीख 22 फरवरी 2023 है। प्रतियोगिता में प्रविष्टियां जेपीईजीया पीडीएफ फार्मेट में केवल हाई रिज़ॉल्यूशन 300 या इससे ऊपर डीपीआई में स्वीकार की जाएंगी। प्रविष्टिएयों के साथ प्रतिभागी को नाम, कक्षा, आयु, सम्पर्क नंबर या ईमेल अवश्य दर्ज करना होगा।

# मिलेट्स के उत्पादन एवं प्रसंस्करण से महिला सशक्तिकरण पर हुई कार्यशाला

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



महिलाओं में उद्यमशीलता बढ़ने से आथिक प्रगति हुई है। यह बात आज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल में केन्द्रीय कृषि महिला संस्थान भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में हुई 2 दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर विशेषज्ञों ने कही। अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज (मिलेट्स) वर्ष 2023 में मिलेट्स के उत्पादन एवं प्र-संस्करण से महिला सशक्तिकरण पर हुई कार्यशाला में 250 से अधिक महिला कृषक और विशेषज्ञों ने सहभागिता कर अपने अनुभव साझा किये। समापन-सत्र में निदेशक, केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान डॉ. सी.आर. मेहता ने कहा कि आज देश में महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके योगदान से देश प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से आहवान किया कि उन्हें संस्थान द्वारा विकसित फार्म एवं प्र-संस्करण यन्त्र चलाने एवं मिलेट्स के प्र-संस्कृत उत्पाद बनाने के लिए आगे आना चाहिए। इससे महिलाओं को स्व-रोजगार और उत्तम स्वास्थ्य लाभ होगा। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण भी होगा। प्रधान वैज्ञानिक, केन्द्रीय कृषि महिला संस्थान भुवनेश्वर डॉ. सबिता मिश्रा ने बताया कि देश में विभिन्न स्थानों पर मिलेट्स आधारित प्र-संस्करण में ग्रामीण महिलाओं में उद्यमशीलता बढ़ी है, जिससे उनकी आर्थिक प्रगति हुई है।प्रभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल निकासी अभियांत्रिकी डॉ. के.वी.आर. राव ने कहा कि कम जल एवं कम उपज वाली मृदा में भी मिलेट्स का उत्पादन किया जा सकता है। वैज्ञानिक, कृषि यंत्रीकरण प्रभाग डॉ. स्वीटी कुमारी ने महिला उपयोगी कृषि यंत्रों की महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ डॉ. अंकिता पांडेय ने मिलेट्स के विपणन और ब्रांडिंग से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। समापन-सत्र में विभिन्न स्थानों के महिला किसान संगठनों के प्रमुख और गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधिओं ने भी भाग लिया।

## 49 ग्राम पंचायतों के उप सरपंचों का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

भोपाल। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 49 ग्राम पंचायतों के रिक्त उप सरपंच पदों के निर्वाचन के लिये सम्मिलन आयोजित करने कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। सम्मिलन 16 फरवरी 2023 को किया जायेगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि जनपद पंचायत राहतगढ़ की ग्राम पंचायत सेमराचरखरा, गढ़ोलीकला, उमरियासेमरा, पड़ारसोई, जनपद पंचायत जैसीनगर की ग्राम पंचायत सरखड़ी, परगासपुरा, विशनपुरा, अमोदा, गेहूरासबुजुर्ग, साजी, बरखुआमहंत, सेठिया, केवलारी, जनपद पंचायत बीना की ग्राम पंचायत सेमरखेड़ी, पार, गढ़ा, गुलौवा, बरौदियाघाट, जनपद पंचायत खुरई की ग्राम पंचायत मुहासा, तेवरा, सिलौधा, मंझेरा, जनपद पंचायत मालथौन की ग्राम पंचायत पथरियाचिन्ताई, जनपद पंचायत रहली की ग्राम पंचायत चौका, बौरई, रतनारी, बेलई, रेंगुवां, निवारी, जूना, विजयपुरा, धौनाई, इमलिया, कड़ता, समनापुरकला, रानगिर, पिपरियानरसिंह, जनपद पंचायत देवरी की ग्राम पंचायत चिरचिटा सुखजू, पनारी, जनपद पंचायत केसली की ग्राम पंचायत नारायणपुर, जनपद पंचायत बण्डा की ग्राम पंचायत ढाड़, पड़वार, भूसाकमलपुर, खोजमपुर, खुवारी, रीछईसागर और जनपद पंचायत शाहगढ़ की ग्राम पंचायत महूना, भीकमपुर और पुराशाहगढ़ में उप सरपंच का निर्वाचन होगा।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल से बैंक ऑफ महाराष्ट्र में कामकाज ठप्प

**भोपाल।** यूनाइटेड फोरम ऑफ महाबैंक यूनियंस के आह्वान पर 9 एवं 10 फरवरी 2023 की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के पहले दिन भोपाल सहित सम्पूर्ण देश में 2200 शाखाओं के लगभग 13000 बैंक कर्मी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के उच्च प्रबंधन की तानाशाही, बैंक के कर्मचारी-अधिकारियों और ट्रेड यूनियन विरोधी नीतियों के खिलाफ आज हड़ताल रहे। हड़ताल के कारण बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कामकाज पूर्णतः ठप्प रहा। यूनाईटेड फोरम ऑफ महाबैंक यूनियन्स के आह्वान पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र कर्मियों के आन्दोलन के चरण में 27 जनवरी 2023 की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के पश्चात आज पुनः राजधानी भोपाल में सैकड़ों हड़ताली बैंक कर्मचारी-अधिकारी बैंक ऑफ महाराष्ट्र के जोनल ऑफिस के सामने एकत्रित हुए, उन्होंने अपनी माँगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के बैनर तले विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर हड़ताली बैंक कर्मियों की माँगों का समर्थन कर एकजुटता का इज़हार किया। हड़ताली बैंक कर्मियों की माँग है कि पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारी- चपरासी एवं सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जावे, कार्य के दबाव में तनावग्रस्त रह रहे बैंक कर्मियों को तनावमुक्त कर उनके कार्य के समय एवं जीवन को संतुलित बनाया जावे, द्विपक्षीय समझौतों का पालन किया जावे एवं प्रताड़नापूर्वक कार्यवाही एवं दुर्भावनापूर्वक किये गये स्थानांतरणों पर रोक लगाई जावे।



भोपाल के सीएम राइज स्कूल गोविंदपुरा में सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## एम्स की यूनानी इकाई ने कान्हासैया में लगाया चिकित्सा शिविर

### आयुष विभाग, एम्स भोपाल तथा क्लीनिकल रिसर्च यूनिट के संयुक्त तत्वाधान में किया आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



सोशल आउटरीच कैंप गतिविधियों की श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए विश्व यूनानी दिवस के अवसर पर आयुष विभाग, एम्स भोपाल तथा क्लीनिकल रिसर्च यूनिट, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम - कान्हासैया में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक, प्रो (डॉ) अजय सिंह जी के मार्गदर्शन में आयुष विभाग के डॉक्टरों की एक टीम ने ग्राम - कान्हासैया में यह शिविर लगाकर मरीजों की जांच की । विश्व यूनानी दिवस प्रतिवर्ष 11 फरवरी को हकीम अजमल खान की स्मृति में पूरे विश्व में मनाया जाता है । एम्स भोपाल आयुष विभाग में यूनानी चिकित्सा द्वारा मरीजों को उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराता है । यूनानी पद्धति में विभिन्न देसी जड़ी-बूटियों के साथ-साथ लीच थेरेपी तथा कपिंग थेरेपी द्वारा भी इलाज किया जाता है ।

इस शिविर में मरीजों के पंजीयन के बाद चिकित्सीय परामर्श देकर लगभग 85 मरीजों को यूनानी दवाइयां वितरित की गयी। इसके साथ-साथ सभी रोगियों को योगाभ्यास भी कराया गया तथा जागरूकता हेतु सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारियाँ भी दी गई । इस स्वास्थ्य शिविर में आयुष विभाग, एम्स भोपाल के डॉ दानिश जावेद (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी), डॉ बरकती मो. तारिक़ (यूनानी चिकित्सा अधिकारी), डॉ मुद्दा सोफिया (योग चिकित्सा अधिकारी), तथा क्लीनिकल रिसर्च यूनिट, भोपाल से डॉ अफ़शाँ कैसर, अनुसंधान अधिकारी, प्रभारी, क्लीनिकल रिसर्च यूनिट, भोपाल के मार्गदर्शन में डॉ अबरार मो. खान (रिसर्च असोसिएट) और साक़िब खान (फार्मसिस्ट, यूनानी ) ने चिकित्सा शिविर को सफल बनाने में सहयोग दिया ।

## जितना काम, उतना ही भुगतान किया जाए : सिलावट

### जल संसाधन मंत्री ने सागर में की विभागीय समीक्षा बैठक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मंगलवार को सागर में विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कार्यों एवं परियोजनाओं की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिलावट ने कहा कि निर्माण कम्पनी जितना काम करें उसे उसी अनुपात में भुगतान किया जाय। मंत्री सिलावट ने जल संसाधन विभाग के बांध और नहर परियोजना को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अधूरे निर्माण कार्य और समय सीमा के अनुसार निर्माण कार्य की देरी पर नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए जल्द ही इन कार्यों को पूरा किया जाए।

मंत्री सिलावट ने हीनौता, कडान, बंडा, पंचमनगर, कैथ, सूरजापुरा, सोनपुर, परकुल, साजली, सीतनगर, सतधारा और पवई बांध और परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली। मंत्री सिलावट ने कहा की किसानों के खेत में फसल की सिंचाई सबसे महत्वपूर्ण है। इसको समय पर उपलब्ध कराने से किसानों की फसल की पैदावार बढ़ेगी और खेती से आय में बढ़ोत्तरी होगी। सिंचाई का रक़बा बढ़ाना हमारा प्राथमिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी का समाना न करना पड़े।

मंत्री सिलावट ने अधिकारियों को विभाग के जर्जर भवन के सुधार और कार्यालय भवन निर्माण का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। मंत्री ने अधिकारियो को कहा की डेम के कैचमेंट क्षेत्र और नहरों के किनारे पौधारोपण कराए। मुख्य अभियंता अरविंद उपमन्यु, अधीक्षण यंत्री सचिन इंद्रावल और कार्यपालन यंत्री अखिल बिरथरे (सागर) उपस्थित रहे। मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सागर जिले में 163 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन कड़ान परियोजना का निरीक्षण किया। परियोजना सागर जिले की नरयावली विधानसभा की लगभग 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी करेगी। परियोजना का काम प्रगतिरत है। मंत्री ने निरीक्षण के दौरान बांध परियोजना का कार्य जून माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पम्प हाउस का कार्य भी जून माह तक पूर्ण किया जाये, जिससे किसानों को रबी की फसल में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मंत्री सिलावट ने निरीक्षण के दौरान स्थानीय रहवासियों और किसानों से भी चर्चा की।

स म्पा द की य

# विकास यात्राएं

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के अंतर्गत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर प्रदेश में विकास यात्रा निकाली जा रही है। मंत्री-विधायकों से लेकर भाजपा के नेता और कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंच रहे हैं। सरकार के विकास कार्यों और योजनाओं का गुणगान किया जा रहा है। लेकिन कई जगह कड़वे सच का सामना भी करना पड़ रहा है। वो कड़वा सच है विकास की झूठी कहानी, जो शायद सत्ता के शिखर तक पहुंच ही नहीं पाती।

विकास यात्राओं की एक छोटी सी रपट बताती है कि कहीं बदइंतजामी पर नेता अफसरों पर भड़क रहे हैं, तो कहीं जनता नेताओं को खरी-खोटी भी सुना रही है। हाल ही में शिवपुरी में विकास यात्रा का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त जसवंत जाटव भ्रष्टाचार पर भड़कते हुए दिख रहे हैं। वो सिस्टम की पोल खोलते दिखे, उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में बगैर रिश्वत कोई काम नहीं होता है। यह पूरे प्रदेश की सच्चाई है। भले ही मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टालरेंस की नीति लागू की है, पर बिना रिश्वत के जीरो काम ही हो रहे हैं।

पन्ना जिले की पवई विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुली। 5 फरवरी की शाम भाजपा विधायक प्रहलाद लोधी की अचानक तबीयत खराब हो गई। उन्हें पवई के अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन आधे घंटे तक उन्हें ऑक्सीजन नहीं मिल सकी। प्रशासन ने अमानगंज की एम्बुलेंस से सिलेंडर निकलवाकर विधायक को ऑक्सीजन उपलब्ध कराई। लेकिन अस्पताल में सुविधा नहीं थी। यह हाल केवल यहां का नहीं है, दूरदराज के तमाम इलाकों का है, जहां आक्सीजन और एम्बुलेंस समय पर उपलब्ध नहीं हो पातीं।

और देश की सबसे स्वच्छ राजधानी के हाल तो कुछ और कहते नजर आए। स्थानीय मंत्री विकास यात्रा पर निकले। वो जनता को विकास दिखाना चाहते थे, लेकिन उनके ही इलाके के देवकी नगर में सड़क पर सीवेज का पानी बहता दिख गया तो मंत्रीजी भड़क गए। मौके पर ही नगर निगम के अफसरों को बुलवाया और बोले- तुम्हारे बस की नहीं है तो बता दो मैं हटवा दूं। निगम ने तब जाकर यहां सफाई करवाई। मंत्री जी को पता होना चाहिए कि आधे भोपाल की हालत ऐसी ही है। और ईदगाह जैसी जगह के पास महीनों से सड़क पर पानी बहता रहा है।

सतना जिले की चित्रकूट विधानसभा के बरौंधा पंचायत में विकास यात्रा के दौरान असहज स्थिति बन गई। मंच से जब विकास का बखान चल रहा था कि इसी बीच एक युवक ने माइक थाम लिया। बोला- यहां कई लोगों को महीनों से राशन नहीं मिला। कोटेदार की मनमानी के कारण आए दिन विवाद होते हैं। सरपंच के दखल से पुलिस बुलाई जा रही है। 7 फरवरी को राशन मांगने पर दो हितग्राहियों को थप्पड़ तक मारे गए। पुलिसकर्मियों से हितग्राहियों को पिटवाया गया। ग्रामीणों की तालियों ने युवक की बात का समर्थन किया। पता चल गया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग का विकास कहां हो रहा है।

एक और मामला सामने आया विकास यात्रा के तहत स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी 7 फरवरी को रायसेन के शासकीय स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने देखा तो सिर्फ 27 बच्चे स्कूल में दर्ज थे। मंत्री बोले- संख्या कम है, लगता है पढ़ाई सही नहीं करा रहे। अगर पढ़ाई सही कराते तो बच्चे ज्यादा होते। बच्चे प्राइवेट स्कूलों में जा रहे हैं। इस पर एक शिक्षक ने कहा कि सर लोग ही अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में ज्यादा पढ़ाना चाहते हैं तो स्वास्थ्य मंत्री बोले- आप अच्छे से पढ़ाई कराते तो क्यों कोई पैसा खर्च कर अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ने के लिए भेजता। यही हाल रहा तो स्कूल बंद करना पड़ेगा और फिर आप भी प्राइवेट में जाकर ही पढ़ाना। यहां बात खत्म हो गई, लेकिन मंत्री जी, प्रदेश के अधिकांश सरकारी स्कूलों के हाल बेहाल ही हैं।

और सरकारी स्कूलों की बदहाली से अनजान स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार विकास यात्रा के तहत शाजापुर जिले के चापड़िया गांव पहुंचे, तो पता चला कि उनसे जर्जर भवन का लोकार्पण कराया जा रहा है। स्वाभाविक है, मंत्रीजी भड़क गए। उन्होंने कलेक्टर फोन लगाकर कहा- ऐसा घटिया काम मैंने कहीं नहीं देखा। इसकी डिटेल रिपोर्ट चाहिए। उन्होंने काम के लिए जिम्मेदार दो इंजीनियरों को तत्काल सस्पेंड करने के निर्देश दे दिए।

ये तो कुछ उदाहरण हैं। विकास यात्राओं के दौरान कहीं पंच, सरपंच और सचिव अपने अधिकार मांग रहे हैं और पंचायत भवनों की तालाबंदी कर रहे हैं, तो कहीं खाद-बीज समय पर न मिलने से फसलों की दुर्गति के मामले सामने आ रहे हैं। सड़कों पर करोड़ों के कथित खर्च के बाद भी कुछ हाइवे छोड़ कर सड़कों की हालत खराब ही है। ग्रामीण इलाकों में बिजली की समस्या है तो जल जीवन मिशन जमीन पर ही उतरता नहीं दिखाई दिया। टंकियां बन गईं, पानी नहीं है। और भी तमाम समस्याएं...। फिर भी तसल्ली इस बात की है कि कम से कम जन प्रतिनिधि विकास यात्रा के बहाने इनसे रूबरू तो हो रहे हैं।

# राजनीतिक कारणों से बढ़ाया जा रहा है जाति का जहर

**सरयूसुत मिश्रा**

जातिवाद की वास्तविकता और सच्चाई से मुंह मोड़ना आज असंभव सा हो गया है. कितना भी शिक्षित और प्रबुद्ध व्यक्ति हो वह भी जातिवाद के द्वन्द से बचा नहीं रह पा रहा है. जातिवाद देश के विकास को प्रभावित करने लगा है. जातिवाद के दंश को समाप्त करने के बजाय राजनीतिक कारणों से इसको लगातार बढ़ाया जा रहा है।

देश में आज एक नया विवाद खड़ा हो गया है. चिंतक विचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया है कि 'कोई भी ऊंचा नीचा नहीं है शास्त्रों का आधार लेकर पंडित लोग जो ऊंच नीच की बात कहते है वह झूठ है, जाति की श्रेष्ठता की कल्पना में ऊंच नीच में अटक कर हम गुमराह हो गए हैं।

इस बयान पर पंडितों (ब्राह्मण) में गहरी प्रतिक्रिया हुई है. कहीं-कहीं नाराजगी भी प्रगट की जा रही है. यद्यपि संघ की ओर से यह स्पष्टीकरण दिया जा चुका है कि 'पंडित' से आशय 'विद्वान' से रहा है। जाति किसने बनाई इस पर ठीक-ठीक कुछ भी कहना तर्कसंगत नहीं होगा. सबसे पहला सवाल कि पंडितों ने जाति बनाई तो पंडितों को किसने बनाया? हिंदू समाज में तो जातियों के लिए पंडितों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है लेकिन विभिन्न धर्म किसने बनाए? हिंदू मुस्लिम सिख जैन यह तो पंडितों ने नहीं बनाई. इनके लिए भी क्या किसी को जिम्मेदार ठहराया जाएगा?

वेद-उपनिषद और शास्त्रों में वर्ण व्यवस्था की चर्चा है. वर्ण का निर्धारण कर्म के आधार पर होता रहा है, जो कालांतर में जाति के रूप में स्थापित हो गया. धीरे-धीरे उसका स्वरूप और जटिल होता गया. गूगल में सर्च करने पर पंडित शब्द का मतलब निपुण, कुशल, ज्ञानी और विद्वान बताया गया है. निपुणता, कुशलता, विद्वता और ज्ञान किसी जाति के लिए निर्धारित नहीं है. यद्यपि समाज में ऐसी धारणा बनाई गई है जैसे विद्वता और ज्ञान का क्षेत्राधिकार ब्राह्मण का है।

आधुनिक समय में तो तकनीकी और आधुनिक विषयों में निपुणता और कुशलता का अध्ययन किया जाएगा तो पता चलेगा कि सभी जातियों और समुदायों के लोग विशिष्टता के साथ समाज में स्थापित हैं और समानतापूर्वक सतत आगे बढ़ रहे हैं। समाज में अनेक विकृतियां हैं. इसी में जाति व्यवस्था भी एक है. किसी भी विकृति के लिए किसी एक समूह को जिम्मेदार ठहराने से समाज में बिखराव बढ़ने की आशंका रहती है. कश्मीरी पंडितों के साथ जम्मू कश्मीर में क्या हुआ है, यह सब भारतवासी जानते हैं. कश्मीर फाइल्स फिल्म के जरिए कश्मीरी पंडितों के दर्द को हाल ही में भारत ने देखा है।



जम्मू कश्मीर में कश्मीरी पंडितों को विलेन के रूप में देखा गया. उसके बाद ही वहां पर ऐसे हालात बने कि आज कश्मीरी पंडित कश्मीर घाटी में रहने के लिए तैयार नहीं हैं. इतने कटु अनुभव के बाद भी किसी समूह खासकर पंडित समुदाय को जाति व्यवस्था के लिए जिम्मेदार बनाना समाज हित में कैसे कहा जा सकता है?

आजादी के बाद से ही भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में बहुमत के लिए जातिवाद के जहर को बढ़ावा दिया जा रहा है. बहुत सारे राजनीतिक दल तो जाति के आधार पर ही खड़े किए गए हैं. चाहे उत्तर भारत हो या दक्षिण भारत, जातिगत आधार पर राजनीतिक दलों में सत्ता हासिल करने की कोशिश में जाति के जहर को बढ़ाने का महापाप किया गया है।

उत्तरप्रदेश में तो एक दौर था, जब बहुजन समाज पार्टी तिलक-तराजू और तलवार के नारे के साथ पंडितों के खिलाफ आग उगल रही थी. जनसंख्या की दृष्टि से पंडितों की तादाद देश में तुलनात्मक रूप से बहुत अधिक नहीं है. लोकतंत्र में संख्या ही महत्वपूर्ण है. जाति और धर्म का विभाजन सामाजिक जीवन में तो धीरे-धीरे कम होता जा रहा है लेकिन राजनीतिक कारणों से इसे लगातार हवा और पानी देने का काम किया जा रहा है।

सरसंघचालक मोहन भागवत विचारशील व्यक्ति हैं. इसलिए समाज से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय बेबाकी के साथ रखते हैं. इसके पहले भी उनके द्वारा आरक्षण पर विचार रखे गए थे उस समय भी विरोध का सामना करना पड़ा था. उनकी ओर से भारत की संस्कृति हर भारतवासी के एक डीएनए की अवधारणा सामने रखी गई है।

जनसंख्या की दृष्टि से पंडितों की तादाद भले ही कम हो लेकिन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कारणों से समाज में पंडितों ने अपनी भूमिका को फेवीकोल जैसा स्थापित कर रखा है. समाज के सभी वर्गों को जोड़कर रखने का महत्वपूर्ण काम यह समाज करने में सक्रिय रहता है. देश की संस्कृति, शास्त्र और धार्मिक अनुष्ठानों का पंडितों द्वारा ही नेतृत्व किया जाता है।

आजादी के बाद से ही देश में जातियों के आधार पर पंडितों के साथ टकराव की परिस्थितियां देखी गई हैं. पंडितों द्वारा पूजा-पाठ, यज्ञ-हवन और मंदिर प्रबंधन की ऐतिहासिक भूमिका को तोड़ने के लिए महात्मा गांधी ने भी अछूतोद्धार और मंदिरों में प्रवेश के आंदोलन चलाए थे. जब समाज में पंडितों द्वारा जो भी किया गया है उसे एक विकृति के रूप में देखा जा रहा है तो फिर पंडितों की आस्था और उनकी जीवन चर्या और कामकाज में अधिकार और भागीदारी की मांग कहां तक जायज मानी जाएगी?

आजादी के बाद सरकारों ने दलित और पिछड़ों को मंदिर में पुजारी बनाने के लिए बकायदा योजनाएं घोषित की थीं. अयोध्या में निर्माणाधीन भगवान श्री राम के मंदिर के लिए बनाए गए ट्रस्ट में भी जाति का संतुलन बनाने की पीछे शायद यही सोच हो कि हिंदू समाज एकजुट रहे. भारत में संसदीय शासन प्रणाली में केंद्र और राज्यों में आज जो संवैधानिक रूप से सरकारें और सिस्टम काम कर रहा है उसमें तो पंडितों की भूमिका लगातार कम होती जा रही है. आरक्षण के माध्यम से समानता के नाम पर जिस तरह की उपलब्धियां हासिल हो रही हैं उस पर पंडितों को तो कोई एतराज नहीं है।

जाति व्यवस्था कोई अभी का विषय नहीं है. त्रेता और द्वापर युग में भी जाति व्यवस्था थी. भगवान राम, रावण, शबरी, केवट अलग-अलग जातियों से आते हैं. इसी प्रकार द्वापर युग में भगवान कृष्ण ने यदुवंश में अवतार लिया था. भारतीय संस्कृति में रावण को महापंडित माना गया है लेकिन देश में रावण की पूजा नहीं की जाती. बुराई के प्रतीक रावण का दहन हमारी परंपरा है. जाति व्यवस्था किसी ने भी बनाई हो लेकिन अगर यह बुराई है तो उसका दहन सबको मिलकर करना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश में हिंदू हितों की रक्षा के लिए काम कर रहा है. संघ नहीं होता तो शायद हिंदुओं की वर्तमान स्थिति की कल्पना नहीं की जा सकती थी. राजनीति में हिंदुत्व आज मुख्यधारा में है तो क्या हिंदुत्व की अवधारणा को पंडितों ने बनाया है? भारत की जीवन पद्धति जो सदियों के साथ विकसित हुई है उसके लिए किसी समुदाय को ना तो दोषी ठहराया जा सकता है और ना ही श्रेय दिया जा सकता है. समाज के विकास की यह परंपरा है. सामाजिक धारणाओं को इस ढंग से ना तो बनाया जा सकता है और ना ही तोड़ा जा सकता है।

राष्ट्रीय सेवक संघ में अभी तक जितने भी सरसंघचालक रहे हैं. हेडगेवार से शुरू होकर मोहन भागवत तक सभी सरसंघचालक ब्राहमण अथवा क्षत्रिय रहे हैं. इसका मतलब यह तो नहीं कि संघ को ब्राह्मणवादी कहा जा सकता है. संघ तो समाज के सभी समुदायों की सेवा के लिए काम कर रहा है. यहां तक कि संघ मुस्लिमों के बीच में भी सेवा को अंजाम देने में जुटा हुआ है. सेवा की न कोई जाति होती है और न कोई धर्म होता है।

आज देश में जरूरत एकात्म मानववाद की है. किसी जाति धर्म से पहले व्यक्ति इंसान हैं. मानव सबसे बड़ा धर्म है और मानव ही सबसे बड़ी जाति है. जातिवाद का जो विकराल स्वरूप राजनीतिक कारणों से पैदा किया जा रहा है उससे देश को बचाने की जरूरत है. संघ जैसे वैचारिक और सांस्कृतिक संगठन पर यह अहम जिम्मेदारी है कि समाज में एकजुटता के लिए काम को अब तेज़ करे।

पंडितों द्वारा जो प्रतिक्रियाएं व्यक्त की जा रही है वह भी आवश्यक नहीं है. भले ही बुराई के रूप में सही लेकिन पंडितों की भूमिका को स्वीकार तो किया गया है कि उसने कुछ तो बनाया है. जिसमें बनाने की क्षमता है, सृजन की क्षमता है, बुरा काम करेगा तो दूसरा अच्छा काम भी करेगा. आज देश में जो अच्छी चीजें हैं उसके लिए भी पंडितों को श्रेय दिया जाना चाहिए. पंडितों का निष्ठापूर्वक अपनी भूमिका का निर्वहन करने में सलंग्न रहना ही समाज की एकजुटता और देश के विकास के लिए जरूरी है. मोहन भागवत पंडितों के खिलाफ वैसे भी कुछ नहीं कह सकते हैं क्योंकि वे स्वयं पंडितों के वंश के ही गौरव हैं।

# झूठ बोले कौआ काटे! बुलडोजर बाबा बने सबसे बड़े शोमैन सीएम

**रामेन्द्र सिन्हा**

उत्तर प्रदेश को देश के विकास का इंजन बनाने के लिए आज से लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। माना जा रहा है कि समिट में निवेश एमओयू 25 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। इससे दो करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश-विदेश के निवेशकों को लुभाने के लिए ऐसे इंतजाम किये हैं कि लोगों को लखनऊ में दुबई की झलक मिल रही है।

सीएम योगी का लक्ष्य उप्र को 1 ट्रिलियन डॉलर (लगभग एक लाख करोड़ रूपये) की इकोनॉमी बनाने का है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अनुसार, 'ये पहली बार होगा जब निवेश दुनिया से या देश से और प्रदेश से उप्र के सभी जनपदों में निवेश होने जा रहा है। जब पीएम मोदी 10 फरवरी को इस समिट का उद्घाटन कर रहे होंगे तो उप्र में 75 जनपद भी पीएम के साथ जुड़ेंगे।'

तीन दिवसीय सम्मेलन का समापन 12 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। उद्?घाटन के बाद अलग-अलग विषयों पर कई सत्र होंगे, जिनमें केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति इरानी, अश्विनी वैष्णव, जी. किशन रेड्डी, राजकुमार सिंह, पशुपति कुमार पारस हिस्सा लेंगे।

उत्तर प्रदेश में आने वाली कंपनियों में यूएस की 53, संयुक्त अरब अमीरात 16, फ्रांस व दक्षिण अफ्रीका 13-13, जापान 12, दक्षिण कोरिया 10, कनाडा 7, नीदरलैंड 12, जर्मनी 15, बेल्जियम 10, स्वीडन व मॉरिशस 8-8, ब्राजील 14, मैक्सिको 9, आस्ट्रेलिया 15 और इजरायल की 14 कंपनियां शामिल हैं। लगभग 40 देशों के डेलिगेट्स हिस्सा लेंगे और कुल 1 करोड़ 81 लाख 44558 युवाओं को रोजगार मिलेगा। इनमें प्रमुख कंपनियां- गूगल, एप्पल, रोल्स रॉयस, सुजकी, वालमार्ट, अमेजॉन, जॉनसन एंड जॉनसन, फाइजर,. मर्क, मर्सिडीज, लॉरेल, व फिलिप्स आदि हैं। चार लाख करोड़ के विदेशी निवेश का लक्ष्य है।

वहीं अंबानी, अडानी, बिड़ला सहित टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के अतिरिक्त लगभग 12 हजार छोटे निवेशक हिस्सा लेने जा रहे हैं, जो कि कुल 1.20 लाख करोड़ रुपए के निवेश से 1.30 करोड़ रोजगार देंगे। लगभग 150 निवेशक ऐसे भी हैं, जिन्होंने 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए रू्ह साइन किए हैं तो, एक हजार निवेशक ऐसे भी हैं, जो 50 करोड़ से लेकर 200 करोड़ रुपए तक का निवेश करेंगे। वहीं 400 निवेशक ऐसे भी हैं, जो 500 करोड़ रुपये तक का निवेश करेंगे। इस तरह, 1.10 लाख करोड़ के निवेश से 4.5 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।



नोएडा में प्रस्तावित फिल्म सिटी के मद्देनजर, इन्वेस्टर्स समिट में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्राफ, परेश रावल, डिनो मारिया, सोनू निगम, कैलाश खेर सहित अनेक बड़े कलाकार और नामचीन निर्माता निर्देशक, लेखक भी शामिल होंगे। सीएम योगी का कहना है कि राज्य में निवेशक सम्मेलन विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश लाकर युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। अब उन्हें नौकरी के लिए विदेश या अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा।

निवेश प्रस्तावों के जरिए जहां सरकार ने उप्र के हर क्षेत्र को विकास से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश-विदेश के निवेशकों को लुभाने के लिए ऐसे इंतजाम किये हैं कि लोगों को लखनऊ में दुबई की झलक मिल रही है। आयोजन स्थल वृंदावन योजना, शहीद पथ की तो बात ही छोड़िए पुराना लखनऊ तक चकाचक है।

लक्ष्मण जी की मूर्ति: चकाचक चमकती सड़कें, दोनों तरफ रंग-बिरंगे फूलो की क्यारियां, गमले, लहलहाते पेड़-पौधे और मूर्तियां तो, दीवारों पर वॉल पेंटिंग के साथ खूबसूरत नक्काशी और रात में पेड़ों तथा बिजली के खंभों पर रंग बिरंगी एलइडी लाइटें कयामत ढा रही हैं। पूरा शहर इन दिनों रोशनी में जगमगाया हुआ है। दिलचस्प यह भी है कि कबाड़ से बने मॉडल जगह-जगह लगाए गए हैं। पुराने लखनऊ के छतर मंजिल और बड़े इमामबाड़े को भी खूबसूरत लाइटों से सजाया गया है, तो तांगे के मॉडल के जरिये विरासत को भी दर्शाया गया है। सभी ऐतिहासिक इमारतें सज-धज कर तैयार हैं। योगा के विभिन्न आसनों को करती हुई मूर्तियां लगाई गई हैं।

प्रदेश की राजधानी को भगवान श्रीराम के अनुज लक्ष्मण ने बसाया था। रावण से युद्ध के दौरान श्रीराम ने अपने अनुज के पराक्रम को देखते हुए उन्हें लखनऊ उपहार में दिया था। तब इसे लक्ष्मणपुर नाम से जाना जाता था, जो बाद में लखनपुर हुआ। कालांतर में इसे लखनऊ कहा जाने लगा। इसी इतिहास को दर्शाने के लिए अमौसी एयरपोर्ट चौराहे पर भगवान लक्ष्मण की 12 फीट ऊंची प्रतिमा को स्थापित किया गया है।

तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन की शाम ड्रोन शो के नाम होगी। इसके जरिए आकाश में श्रीराम की आकृति, अयोध्या के निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर समेत अन्य स्थलों को उकेरा जाएगा। आयोजन स्थल पर बने सातों पंडालों के नाम सप्त ऋषियों के नाम पर रखे गए हैं। समिट में सम्मिलित मेहमानों को गोमती रिवर फ्रंट की सैर कराई जाएगी। इसके लिए रिवर फ्रंट को रोशनी से जगमग कर दिया गया है। यहां चित्रकूट के रामघाट की तर्ज पर रिवर फ्रंट को विकसित किया गया है।

झूठ बोले कौआ काटे: सच है, लोगों ने ऐसा लखनऊ पहले कभी नहीं देखा। इसकी गूंज बाहर तक है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए सरकार ने 17.12 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा था। 16 देशों में हुए रोड शो, देश के विभिन्न राज्यों में हुए रोड शो और उप्र में हुए निवेश सम्मेलन में हुए एमओयू से निवेश का आंकड़ा 21 लाख करोड़ तक पहुंच गया। अब तक हुए 13,255 एमओयू में से पश्चिमांचल में 45 प्रतिशत, पूर्वांचल में 20 प्रतिशत, मध्यांचल में 13 प्रतिशत और बुंदेलखंड में भी 13 प्रतिशत निवेश के एमओयू साइन हुए हैं।

प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी का संकल्प भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का है। तो, उत्तर प्रदेश को देश के विकास का इंजन बनाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने अगले 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य तय किया है। सीएम योगी का दावा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर होगा। इससे प्रदेश को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनाने का एक बड़ा रास्ता बनेगा। 2017 से पहले आर्थिक विकास की रिपोर्ट बताती है कि उप्र में केवल नोएडा, गाजियाबाद तक ही आर्थिक विकास का औसत देश के औसत के बराबर था। जबकि बुंदेलखंड और पूर्वांचल पिछड़ा हुआ था। मध्य उप्र लड़खड़ाता रहता था। लेकिन योगी के अनुसार, ताजा रिपोर्ट बताती है कि पूर्वांचल और बुंदेलखंड भी आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि यही स्थिति रही तो पांच साल बाद ये दोनों क्षेत्र पश्चिमी उप्र के समकक्ष होंगे। इस कड़ी में प्रदेश के 75 जिलों का एक साथ निवेशक सम्मेलन में पीएम से जुड़ना भी ऐतिहासिक ही है।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी का दावा है कि फरवरी 2018 में आयोजित पहले उप्र इन्वेस्टर्स समिट से लेकर अब तक कोरोनाकाल की चुनौतियों के बावजूद उप्र में 4 लाख करोड़ रुपए के 80 प्रतिशत से ज्यादा रू्ह धरातल पर उतर चुके हैं और दो करोड़ युवाओं को रोजगार मिल चुका है।

बोले तो, योगी सरकार ने प्रदेश के समावेशी विकास के साथ ही बुलडोजर सरकार के रूप में देश को कानून-व्यवस्था का जो रोड मैप दिया, उसी के फलस्वरूप आज लखनऊ में भव्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट साकार रूप ले रहा है। लोगों के मुंह पर है, लखनऊ चकाचक है, निवेश धकाधक है। बुलडोजर बाबा कभी सख्त दिखते हैं तो कभी करूणावतार। और अब तो सबसे बड़े शोमैन सीएम भी!

और ये भी गजब: उप्र ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में विशिष्ट अतिथियों का स्वागत खास अंगवस्त्र से होगा। लखनऊ के परम्परागत चिकन वर्क से सजे ये अंगवस्त्र सिल्क, खादी और कोटा फ़ैब्रिक पर तैयार किए गए हैं। मशहूर फैशन डिज़ाइनर अस्मा हुसैन ने उनको डिज़ाइन किया है। अस्मा हुसैन के अनुसार, तिरंगे के रंगों से प्रेरित चिकनकारी में 'तेपची' स्टिच का प्रयोग किया गया है जिसकी विशेषता है कि दोनों ओर से देखने पर ये एक जैसे लगते हैं। डिजाइन में प्रतीक के रप में कमल की पंखुड़ी, अनार की कली, अंगूर के बेल, कैरी, मछली लिए गए है। इन अंगवस्त्रों के लिए चिकन वर्क का चयन उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किया गया है।

# चीनी जासूसी का वैश्विक संकट

**ब्रह्मदीप अलूने**

वैज्ञानिक शोध पर आधारित तकनीक से जुड़ी खुफियां जानकारियों को चोरी से हासिल करने की चीन की कोशिशें वैश्विक तनाव को लगातार बढ़ा रही है। हाल ही में अमेरिका के आसमान में चीनी जासूसी गुब्बारे की दस्तक से उठा राजनयिक विवाद महज संयोग नहीं है। पिछले वर्ष चीन ने भारत के लिए अप्रत्याशित चुनौतियां पेश की थी जब अगस्त में हंबनटोटा में एक चीनी जासूसी जहाज़ युआन वांग के आने के कारण कारण भारत और श्रीलंका के बीच एक बड़ा राजनयिक विवाद पैदा हुआ था। युआन वांग उच्च तकनीक पर आधारित ऐसा आधुनिकतम जहाज़ है जिसे चीन ने मिसाइल परीक्षणों और सैटेलाइट की गतिविधियों की निगरानी के लिए डिज़ाइन किया है। उस समय चीन ने इस जहाज़ को अनुसंधान से संबंधित बताया था तो अब अमेरिकी आसमान में चक्कर लगाने वाले गुब्बारे को मौसम का अनुमान लगाने वाला ऐसा बलून बताया जो रास्ता भटक गया था।

लेकिन चीन की नियत पर सवाल होने लाजिमी है। अमेरिका और कनाडा के आसमान में घुमने वाला गुब्बारा कोई सामान्य गुब्बारा नहीं था। यह मोंटाना के आसमान में देखा गया था। मोंटाना कम आबादी वाला एक ऐसा इलाक़ा है,जो अमेरिका के तीन न्यूक्लियर मिसाइल क्षेत्रों में से एक है। ये मिसाइल फील्ड मैल्मस्ट्रोम एयरफोर्स बेस पर है। अमेरिका को विश्वास है कि चीन का ये जासूसी गुब्बारा इन संवेदनशील जगहों की जानकारी जुटाने के मकसद से उड़ रहा था। अमेरिका के उत्तरी कमांड के एक लड़ाकू विमान ने चीन के भेजे गए ऊंचाई से सर्विलांस करने वाले स्पाई बलून को सफलतापूर्वक दक्षिण कैरोलिना के पास समंदर में गिरा गिरा दिया। इस घटना से चीन और अमेरिका के बीच विवाद इतना बढ गया कि अमेरिका के विदेश मंत्री ने अपने चीन की प्रस्तावित यात्रा को रद्द कर दिया है।

दरअसल चीन अन्तर्राष्ट्रीय समझौतों और मापदन्डों को नजरअंदाज करके तथा दूसरे देशों की तकनीकों को अवैधानिक तरीकों से हासिल करके महाशक्तियों से आगे निकल जाना चाहता है। चीन की इन कोशिशों को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय अब सतर्क हो गया है। हाल ही में अमेरिका के सामरिक और शोध केन्द्रों पर काम करने वाले कुछ चीनी नगरिकों की गिरफ्तारी से कई रहस्य उजागर हुए है। चीन के एक नागरिक जी चाओचिन लगभग एक दशक पहले स्टूडेंट वीज़ा पर अमेरिका आए थे और उसके बाद वे अमेरिकी सेना के रिज़र्व ग्रुप में शामिल हो गए। इस दौरान वे चीन को ख़ुफ़िया जानकारियां भेजते रहे जो मुख्यत: तकनीक पर आधारित थी। जी चाओचिन की कोशिश थी कि वे सीआईए,एफ़बीआई और नासा जैसे उच्च संस्थान में बतौर सायबर सुरक्षा विशेषज्ञ के रूप में जुड़ना चाहते थे जिससे उनकी इन एजेंसियों के डेटाबेस तक पहुंच हो तथा इनमें वे डेटाबेस भी शामिल हैं जिनमें वैज्ञानिक शोध आदि से जुड़ी जानकारियां हों। इसके पहले भी अमेरिकी एविएशन और एयरोस्पेस कंपनियों के ट्रेड सीक्रेट चुराने के आरोप में एक चीनी नागरिक को पकड़ा गया था। ज़ेंग शियाओचिंग नाम का यह चीनी नागरिक जनरल इलेक्ट्रिक से जुड़ा हुआ था। जनरल इलेक्ट्रिक स्वास्थ्य,ऊर्जा और अंतरिक्ष के क्षेत्रों में काम करने वाली एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो फ़्रिज से लेकर हवाई जहाज़ के इंजन तक का निर्माण करती है। ज़ेंग ने जो जानकारी कंपनी से चुराई,वो गैस और भाप से चलने वाली टर्बाइन बनाने की डिज़ाइन से जुड़ी हुई थी। इसमें टर्बाइन की ब्लेड और उनकी सील से जुड़ी सूचनाएं भी शामिल थी। यह माना गया कि अमरीकी कंपनी से चुराए गए इन तकनीकी राज़ों से चीन की सरकार,वहां के विश्वविद्यालयों और चीनी कंपनियों को फ़ायदा होना था।



अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी ने चीन के इरादों की पुष्टि करते हुए साफ कहा है कि यह साम्यवादी देश बड़े शहरों से छोटे क़स्बों तक, फ़ॉर्च्यून 100 कंपनियों से लेकर स्टार्ट अप तक,हवाई उद्योग से लेकर आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और दवा उद्योग तक% में सेंधमारी करके तकनीकी राज़ चुराने में जुटा है। जिससे वह अपने औद्योगिक विकास को तेज करके मुख्य क्षेत्रों में प्रभुत्व हासिल कर सके। चीन ने दुनिया भर से तकनीक हासिल करने के लिए व्यापारिक समझौतों का सहारा लिया है। चीन ने विदेशी कंपनियों को अपने बाज़ार में कारोबार की इजाज़त देने के बदले में उनके साथ साझेदारियां की है और विदेशी कंपनियों से तकनीक हासिल करने में सफलता भी हासिल की है।

यह भी दिलचस्प है कि 2015 में चीन और अमेरिका ने एक समझौता किया था,जिसके तहत दोनों देशों ने वादा किया था कि वो साइबर तकनीक की मदद से बौद्धिक संपदा की चोरी नहीं करेंगे। इनमें कारोबारी बढ़त देने वाली गोपनीय तकनीकी जानकारी और दूसरे व्यापारिक राज़ भी शामिल थे। हालांकि चीन समझौतों और नियमों को दरकिनार करने के लिए बदनाम रहा है।

चीन की तकनीक चुराने की कोशिशों से अमेरिका इतना आतंकित है कि वह दूसरे देशों से समझौते करके सीधे तौर पर सेमीकंडक्टर के अहम उद्योग में चीन को दूर रखने की कोशिशों में जुट गया है। अमेरिका व्यापारिक चुनौतियों के साथ ही चीन की तकनीक हासिल करने की अवैधानिक कोशिशों को अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी ख़तरा बताता है। अब अमेरिकी तकनीक या सॉफ़्टवेयर का इस्तेमाल करके चिप बनाने वाली कंपनियों को,चिप का निर्यात चीन को करने के लिए अमरीका से लाइसेंस लेना होगा। फिर चाहे वो कंपनियां अमरीका में चिप बनाती हों या फिर दुनिया के किसी भी दूसरे हिस्से में। अमेरिका में बसे चीनी नागरिकों को लेकर भी प्रशासन सतर्क है,इसलिए उसने अपने नागरिकों और ग्रीन कार्ड धारकों को कुछ ख़ास चीनी चिप कंपनियों के लिए काम करने पर भी रोक लगा दी है। यह भी विश्वास किया जाता है कि जापान,दक्षिण कोरिया,ताइवान और सिंगापुर जैसे देशों से व्यापारिक समझौतों के बूते चीन ने व्यापक तकनीकी राज हासिल किए है। खासकर कामगारों को मोटी रकम देकर उनसे खुफियां जानकारी हासिल करने की चीन की कई कोशिशें बेपर्दा भी हुई है। चीन के अधिकारी विदेशी तकनीक पर अपनी निर्भरता कम करने और फिर उससे आगे निकलने के लिए अंतरिक्ष और हवाई उद्योग पर ज्यादा काम कर रहे है और इसीलिए तकनीक की चोरी से हासिल करने के लिए मोटी रकम भी खर्च कर रहे है।

वहीं भारत दुनिया की अंतरिक्ष विज्ञान में बड़ा शक्ति है और ऐसा लगता है कि चीन इस तकनीक से जुड़ी खुफियां जानकारियां हासिल करना चाहता है। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए लॉन्च बेस इंफ्रास्ट्रक्चर देने वाला सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा में स्थित है जो हंबनटोटा से करीब ग्यारह सौ किलोमीटर की दूरी पर है। हंबनटोटा में चीनी जासूसी जहाज़ युआन वांग 5 को चीन अपना रिसर्च पोत बताता है जबकि चीन अपने इस श्रेणी के पोतों का इस्तेमाल उपग्रह,रॉकेट और अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण को ट्रैक करने के लिए करता है। यह देखने में आया है कि हिन्द महासागर में चीन के जासूसी पोत उस समय अक्सर अपनी गतिविधियों को बढ़ा लेते है जब भारत का कोई सामरिक या अंतरिक्ष परीक्षण उस क्षेत्र में प्रस्तावित होता है।

भारत और अमेरिका जैसे देश इसे एक स्पाई शिप मानते है जो दूसरे देशों की जासूसी करने के लिए तैनात किया जाता है। अब अमेरिका ने चीनी गुब्बारे को भी स्पाई बलून बताया है। बहरहाल चीन की तकनीक हासिल करने की आक्रामक कोशिशें दुनिया में सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा रही है और यह नए शीत युद्द के संकेत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# संप्रदायिक मनमुटाव का सिलसिला जारी थाना कचहरी बने शिकायत घर

## हिंदू नेता अनीष अरझरे को एआईएमआईएम के अज्ञात सदस्य ने चाकू मारने की दी धमकी, दोनों पक्ष पहुंचे थाने



**खंडवा।अभिनेष सिंह।** खंडवा का औद्योगिक और सामाजिक विकास असंभव सा नजर आने लगा है, चारों तरफ धार्मिक उन्माद, वैमनस्यता, सांप्रदायिक तनाव के माहौल ने, आम जनता के बीच हलचल बना रखी है, वही खंडवा के अधिकांश शहरी थाने और कचहरी, शिकायत घर बन चुके हैं, जहां सुबह से लेकर शाम तक पुलिस व्यवस्था, दोनों ही धार्मिक पक्षों के लव जिहाद ,नारेबाजी, धमकी, आरोप-प्रत्यारोप को ही सुलझाने में व्यस्त है। अभी हाल ही में खंडवा के कुछ क्षेत्रों में सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने वाले घटनाएं दोनों पक्षों द्वारा घटित हुई जिसके चलते खंडवा के हिंदू और मुस्लिम संगठनों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष घटनाओं के जिम्मेदारों को सजा दिलाने की गुहार लगाई गई, जिसमें एआईएमआईएम पार्टी के जिला संगठन ने भी एसपी विवेक सिंह के कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा जहां मीडिया से चर्चा करते समय कैमरे के पीछे किसी अज्ञात व्यक्ति ने हिंदू संगठन के युवा तेजतर्रार ओजस्वी वक्ता डॉ अनीष अरझरे को चाकू मार देने की बात कही जोकि वीडियो प्रसारित होने के पश्चात समाचार में स्पष्ट सुनाई दी जिसे लेकर हिंदू संगठन के युवाओं ने एसपी खंडवा और थाना कोतवाली टीआई बलराम सिंह राठौर से मुलाकात कर आवेदन सौंपा और तत्काल कार्रवाई की मांग की वही थोड़े ही अंतराल में मीडिया में प्रसारित माधव झा एवं डॉक्टर अनीष अरझरे की बाइट सुनने के पश्चात तत्काल एआईएमआईएम पार्टी के शहर अध्यक्ष एवं युवा मुस्लिम नेता जाहिद अहमद और उनके पार्टी सदस्य थाना कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने थाना टीआई के समक्ष समाचार के संदर्भ में बताया कि जो भी अज्ञात व्यक्ति चाकू मारने की बात कह रहा था वह हमारे पार्टी का सदस्य नहीं है हो सकता है कुछ लोगों ने हमारी पार्टी को बदनाम करने के लिए उसे हमारे साथ शामिल कर दिया हो, ऐसे व्यक्तियों पर प्रशासन को सख्त से सख्त कार्रवाई करना चाहिए हमारा हिंदू संगठन या डॉक्टर अनीष अरझरे जी से कोई बैर नहीं है। वही मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य शहर में शांति कायम रहे और पीड़ित को इंसाफ मिले।

# विकास यात्रा के दौरान ग्रामीणजनों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी



खण्डवा । विकास यात्रा के पाँचवे दिन 9 फरवरी को मांधाता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फिफराड़ बेनीपुर में मांधात विधायक श्री नारायण पटेल ने जनसभा को संबोधित किया तथा उपस्थितजनों को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के संबंध में जानकारी दी तथा लाभान्वितों का स्वागत किया। इसके अलावा हरसूद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोड़ियाखेड़ा में प्रस्फुटन समिति द्वारा विकास यात्रा का स्वागत किया तथा प्रचार किया। ग्राम मौजवाड़ी के किसान श्री देवेन्द्र छापरे द्वारा वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह को स्ट्राबेरी भेंट की। ग्राम मौजवाड़ी में वन मंत्री डॉ. शाह द्वारा ग्रामवासियों को योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आप लोग अपनी समस्याएं बताएं, शासन का कार्य है आपकी समस्याएं दूर करना। पंधाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डोंगरगांव में जिला समन्वयक द्वारा विकास यात्रा आगमन पर स्वागत किया गया तथा पौधरोपण किया। स्थानीय विधायक श्री राम दांगोरे द्वारा ग्राम टाकलीकला, बगमार में जनसभा को संबोधित किया तथा गृह प्रवेश कराया। यहां से यात्रा ग्राम सरोला तथा जामलीकला पहुंची। खण्डवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बामनगांव आखई के ग्राम लहानपुर में 15 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया तथा तिरंदाजपुर में विधायक श्री देवेन्द्र वर्मा द्वारा आमसभा को संबोधित किया। इसी प्रकार बामनगांव आखई विधायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में लोकार्पण किया तथा ग्राम बड़गांव गुर्जर में सभा को संबोधित कर शासन की योजनाओं से अवगत कराया।

# बिना अनुमति के जुलूस, धरना व प्रदर्शन करने पर लगा प्रतिबंध

खण्डवा। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री एस.एल.सिंघाडे ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत आदेश जारी कर जिले में बिना अनुमति के धरना, प्रदर्शन व जुलूस कार्यक्रमों के आयोजनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब जिले के खण्डवा शहर के साथ साथ हरसूद, पंधाना, मूंदी और ओंकारेश्वर नगरों की सीमा के भीतर कोई भी जुलूस बिना अनुमति के नहीं निकाला जा सकेगा। नगरीय क्षेत्रों में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इन कार्यक्रमों से जन सामान्य को आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। जारी आदेश के अनुसार आयोजकों कि यह जिम्मेदारी होगी कि वे जुलूस या रैली के दौरान मार्ग से निकलने वाले एम्बूलेंस, फायर ब्रिगेड शासकीय वाहनों को मार्ग देकर वाहनों को निकालने में सहयोग करेंगे। रैली, जुलूस के आयोजको को आवेदन में अपना मोबाईल नम्बर, फोटोग्राफ तथा रैली में शामिल होने वाले व्यक्तियों की संख्या भी देना होगी। रैली व जुलूस की अनुमति से पूर्व आयोजकों को शामिल होने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों की संख्या की जानकारी भी देना होगी। प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए भी अनुमति लेना होगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग रात्रि 10 बजे के बाद करने की अनुमति नही दी जायेगी। इसके साथ ही सार्वजनिक भवनों, खम्बों एवं सड़कों के आसपास झण्डे, बेनर, पोस्टर्स लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की मदद से चल सकेंगे बच्चे



खण्डवा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद हरणे ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिले में आरबीएसके टीम द्वारा स्क्रीनिंग किया गया। इस दौरान मुस्कान फाउण्डेशन मुम्बई द्वारा खंडवा जिले में 1 वर्ष में 29 बच्चों की कॉस्टिंग कर जिला चिकित्सालय खंडवा एवं मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग के चिकित्सकों द्वारा सर्जरी की गई। मुस्कान फाउण्डेशन मुम्बई द्वारा 17 मरीजों को विशेष जूते दिये गये।

# रेलवे के विकास कार्यों के लिए डीआरएम से मुलाकात- राजा



इटारसी// नर्मदापुरम जिले की रेलवे से सम्बंधित समस्याओं को अधिकारियों तक पहुँचने वाले जेडआरयूसीसी मेंबर राजा तिवारी ने डीआरएम से भोपाल कार्यालय पहुँचकर मुलाकात की।श्री तिवारी ने नर्मदापुरम एफओबी के फाउंडेशन का कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने की बात कही, जिस पर डीआरएम ने आश्वासन देते हुये कहा कि 20 फरवरी से ब्रिज का कार्य शुरू हो जायेगा।इसके साथ ही सांसद उदयप्रताप सिंह के प्रयासों से सोनासावरी रेलवे ब्रिज का काम शुरू हो गया है,जिसकी कीमत 120000000 रुपये है।जिसको लेकर तिवारी ने डीआरएम को धन्यवाद दिया है।इसके साथ ही न्यूयार्ड सड़क का निर्माण कराये जल्द कराये जाने की बात भी डीआरएम के सामने रखी।डीआरएम ने कहा कि कल से सड़क का पेंचवर्क शुरू कर दिया जायेगा।एक सप्ताह में सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। तिवारी लगातार रेलवे सम्बंधित समस्याओं को लेकर अधिकारियों के संपर्क में रहकर उनके निदान में सदैव खड़े रहते है।

# कांग्रेस पार्षद दल की बैठक



इटारसी नगरपालिका परिषद के आज होने वाले साधारण व्यापक सम्मेलन को लेकर नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर ने कांग्रेस पार्षद दल के साथ बैठक की । बैठक में सम्मेलन हेतु प्रेषित एजेंडे पर कांग्रेस पार्षदों से विस्तृत चर्चा हुई कल की बैठक में नेता प्रतिपक्ष की स्वास्थ्य लाभ की वजह से अनुपस्थिति पर वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद अमित कापरे कांग्रेस पार्षदों को लीड करेंगें , इस अवसर पर पार्षद गण धर्मदास मिहानी,श्रीमती वंदना ओझा,अमित कापरे,संजय ठाकुर,श्रीमती रमा अरविंद चंद्रवंशी,श्रीमती अंजली प्रमोद कलोसिया,कन्हैयालाल मिहानी,दिलीप गोस्वामी,श्रीमती तुलसा वर्मा,पूर्व पार्षद इरशाद अहमद सिद्दीकी, पूर्व पार्षद अरविंद मोनी चंद्रवंशी,राहुल वर्मा, प्रमोद कलोसिया,राजेंद्र सिंह तोमर,अमोल उपाध्याय,दयाल लालवानी उपस्थित रहे।

# कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती

धार । कहते हैं ना कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती ऐसा ही वाकिया हुआ ग्राम कारौदा के कृषक सत्यनारायण के साथ जो विगत 7 वर्षों से लगातार प्राकृतिक कृषि कार्य किया जा रहा है । इनके द्वारा अपने खेत में विभिन्न फसलों में उपयोग होने वाले खाद एवं दवाई को घर पर तैयार किया जाता था। किसी भी प्रकार से बाजार में निर्मित केमिकल वाली दवाई केमिकल खाद का प्रयोग नहीं किया जाता है ।औषधि अपने ही घर पर बनाई जाती है जिसमे किसी भी प्रकार के रसायन रहित फसल का उत्पादन लिया जाता है। शुद्ध रूप से गेहूं, चना, गिलकी ,सब्जी मिर्च, प्याज, हल्दी ,अदरक ,भिंडी एवं गन्ना के साथ ही शुद्ध जैविक गुड भी बनाया जाता है । इस कार्य हेतु कृषक का कहना है कि उन्होंने इससे पूर्व आत्मा परियोजना द्वारा दिखाए गए गुरु एवं पास के गांव किसान से समय-समय पर संपर्क किया एवं मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए यह कार्य वह निरंतर रूप से कर रहे हैं। इसी क्रम में अपने विश्वास से उन्हें विकास यात्रा में उसी दिवस प्राकृतिक कृषि के तहत पंजीयन भी किया गया एवं प्रदेश के औद्योगिक नीति निवेश एवं प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव द्वारा प्राकृतिक कृषक पंजीयन प्रमाण पत्र विकास यात्रा के तहत प्रदान किया गया।

# एक अपराधी जिला बदर

धार, । जिला दण्डाधिकारी श्री प्रियंक मिश्रा ने विभिन्न अपराधिक गतिविधियों में संलग्न होने पर विनोद पिता प्रेमसिंह सोलंकी निवासी ग्राम कडोलाबुजुर्ग थाना सादलपुर जिला धार को 3 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया है। जिला दण्डाधिकारी श्री मिश्रा ने उक्त अपराधी को आदेश दिए है कि वे आदेश प्राप्त होने के दिनांक से 24 घण्टे के अन्दर धार जिले की राजस्व सीमा व इस जिले की समीपवर्ती जिले इन्दौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, बड़वानी, खरगोन एवं अलिराजपुर की राजस्व सीमाओं से 3 माह की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जिला दण्डाधिकारी धार के न्यायालय की लिखित अनुमति के बिना वह उक्त क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करेंगे।

# विकास यात्रा, जन प्रतिनिधियों 122 पात्र हितग्राहियों को किया हितलाभ वितरण

छतरपुर। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्डो में चल रही विकास यात्रा के तीसरे दिन गुरुवार को इसकी शुरुआत किशोर सागर तालाब के पास स्थित मॉडल बेसिक स्कूल से की गई। इस यात्रा में मध्यप्रदेश शासन के द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने और विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली जा रही है। मॉडल बेसिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका के द्वारा शासन की जनहितैषी योजनाओं का स्टैंडी और बैनर के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया। ि

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने सबसे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद स्वच्छता की सपथ ली। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में वार्डवासियों को विस्तार से बताते हुए पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विभिन्न वार्डो में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को लाभ वितरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। नगर पालिका के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत पेयजल परियोजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना सहित अन्य योजनाओं का प्रचार प्रसार व्यापक स्तर पर करते हुए शहर को साफ स्वच्छ रखने के लिए लोगो को जागरूक किया जा रहा है। स्कूल परिसर से शुरू हुई विकास यात्रा वार्ड नंबर 33, 34, 35, 36 और 37 पहुंची। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, पूर्व राज्यमंत्री ललिता यादव, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, नपाध्यक्ष ज्योति चौरसिया, उपाध्यक्ष विकेंद्र बाजपेई, पूर्व विधायक उमेश सुक्ला, पूर्व नपाध्यक्ष अर्चना सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी, भाजपा नेता जयनारायण अग्रवाल,मोनू यादव सुरेंद्र चौरसिया, उर्मिला साहू, सुरेंद्र तोमर, अभिशेक खरे, बृजेंद्र सिंह तोमर, पार्षद रेखा सुनील सेन, दिलीप रैकवार, दीपेंद्र असाटी, कुंती सेन, सुनील वर्मा, नगर पालिका से सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, सहायक यंत्री देवेंद्र धाकड़, उपयंत्री बाबूराम चौरसिया, उपयंत्री एनए अंसारी, उपयंत्री नीतेश चौरसिया, उपयंत्री शशि सिंह, स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक, सहायक मानचित्रकार विद्या पटैरिया, सिटी मिशन मैनेजर सीपी गुप्ता, स्टोर प्रभारी पंकज जैन, के साथ अन्य कर्मचारी एवं भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।मॉडल बेसिक स्कूल से शुरू हुई विकास यात्रा में शामिल जन प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व सहायता समूह के द्वारा निर्मित उत्पादों का विक्रय एवं प्रदर्शन हेतु लगाए गए स्टॉल की सराहना की और महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों की खरीदा। इसके बाद जिला अस्पताल परिसर में स्थित वृद्धाश्रम में फलों का वितरण किया गया।

# आज से खंडवा जिला सत्र न्यायालय के सभी अधिवक्ता दो दिवस रहेंगे कार्य विरत

## 10 फरवरी और 11 फरवरी लोक अदालत में भी नहीं शामिल होंगे खंडवा के अधिवक्तागण



खंडवा । अभिनेश सिंह। माननीय हाई कोर्ट चीफ जस्टिस द्वारा जिले के हर जिला न्यायाधीशों को पुराने प्रकरणों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए आदेशित किया गया है ,जिसमें हाई कोर्ट द्वारा प्रत्येक जिला सत्र न्यायालय को, 2 माह के अंदर 25 प्रकरणों को त्वरित निपटाने के लिए आदेशित करने के पश्चात प्रदेश में प्रत्येक जिले के अधिवक्ता संघों में नाराजगी का माहौल व्याप्त है । खंडवा के जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रविंद्र पाथरीकर ने बताया की हाई कोर्ट द्वारा जारी इस आदेश के कारण कोर्ट में आए नवीन प्रकरणों और विचाराधीन प्रकरणों में व्यवधान आ रहा है ,क्योंकि हाई कोर्ट द्वारा पेंडिंग 25 प्रकरणों के त्वरित निपटान के चक्कर में जिला सत्र प्रधान से लेकर सभी न्यायधीश केवल पेंडिंग प्रकरणों को निपटाने में ही व्यस्त हैं ,जिसके कारण नवीन और विचारधीन प्रकरणों को कोर्ट में नहीं रखे जा रहे हैं, जिससे पक्षकार को न्याय मिलने की बजाए तारीख दी जा रही है ,जिससे पक्षकारों को आर्थिक मानसिक और समय का नुकसान हो रहा है, इसलिए जिला अधिवक्ता संघ खंडवा ने हाईकोर्ट के इस आदेश से दुखी होकर 10 फरवरी से लेकर 11 फरवरी तक,(लोक अदालत के दिन भी) कोर्ट के कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। जिला सत्र न्यायालय के सभी अधिवक्ताओं ने,अधिवक्ता कक्ष में मंत्रणा करने के पश्चात, शाम को 4 बजे जिला सत्र न्यायाधीश के समक्ष ज्ञापन सौंपा, जिला अधिवक्ता संघ खंडवा के अध्यक्ष ,रविंद्र पथरी कर और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं का मानना है की, माननीय उच्च न्यायालय 25 पेंडिंग प्रकरणों के निपटान संबंधित, आदेश में संशोधन करें, या ऐसा नवाचार करें ,जिससे वर्तमान अदालतें, पेंडिंग प्रकरणों के साथ ,वर्तमान न्यायिक गतिविधियों को भी, सुचारू रूप से बिना रुकावट के चला सके जिससे पुराने पीड़ित पक्षकारों के पेंडिंग प्रकरण और वर्तमान पक्षकारों के प्रकरणों को क्रमबद्ध न्याय मिल सके।

# बुराई करने वाले उन्हीं के सामने नतमस्तक होते दिखे हैंः कांग्रेस

सिवनी– भाजपा की जन विकास यात्रा में रोज नये-नये कारनामे देखने को मिल रहें है, सबसे पहले तो जन विकास यात्रा से जिले के प्रभारी मंत्री ने पल्ला झाड़ लिया। शफीक खान के नगरपालिका अध्यक्ष बनने के बाद वार्डो में जो कार्य स्वीकृत करायें गये, उन कार्यो का भूमि पूजन कर श्रेय लेने का प्रयास कर रहें सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन को नगर के लोगों ने कोई महत्व नही दिया। गुटों में बटी भाजपा का रूप भी जन विकास यात्रा में देखने को मिला, मानस भवन में भोजन को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष को अपमानित होकर भूखा ही वहां से जाना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में जन विकास यात्रा में क्षेत्र की जनता के सवालों का दिनेश राय मुनमुन जवाब नहीं दे पा रहें है। गोपालगंज जन विकास यात्रा में क्षेत्रीय लोगों के प्रश्न पर विधायक भड़क गये और उन्हें बुरी तरह भला-बुरा कहने लगे, हद तो तब हो गई उन्होंने कहा कि पौव्वा पीकर आ जाते है, 18 साल की भाजपा सरकार के काम गिनाने निकली जन विकास यात्रा में सिवनी विधायक के पास बताने को कुछ नही है जिस तरह चुनाव में पौव्वा बाटकर चुनाव जीत जाते है आज भी उन्हें जन विकास यात्रा में सवाल करने वाले लोग पौव्वा पिये नजर आ रहें है। बात-बात पर छिन्दवाड़ा की चर्चा करने वाले विधायक यह भूल जाते है कि अनेकों बार छिन्दवाड़ा वालों के सामने लोगों ने इन्हें नतमस्तक देखा है। यदि 9 वर्षो से विधायक रहते हुये सिवनी के विकास के लिए दिनेश राय मुनमुन कोई काम करते तो आज जन विकास यात्रा के नाम पर करोड़ों सरकारी रूपय लुटाने के बाद भी लोगों के गुस्से का शिकार नहीं होना पड़ता। गोपालगंज सहित अनेक स्थानों पर सभा में विकास के नाम पर प्रश्न उठाने वाले जागरूक नागरिकों का अपमान जिस तरह सिवनी विधायक कर रहें है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि खिसियानी बिल्ली खम्बा नोच रही है। चुनाव के समय उन्होंने वादा किया था कि जितनी विधायक निधि की राशि विकास कार्यो के लिए मिलेंगी, उससे दोगुनी राशि मैं अपने पास से खर्च करूंगा। सिवनी की जनता इस बात से भलीभाँति जानती है कि विधायक निधि का ही पूरा पैसा विकास कार्यो पर खर्च नही कर पाये, पास से लगाना तो दूर की बात है। यदि सिवनी विधायक क्षेत्र के लोगों का विकास के नाम पर प्रश्न किये जाने पर इस तरह अपमान करते रहेंगे तो भाजपा की जन विकास यात्रा ''भाजपा की विनाश यात्रा बन जायेंगी''।

# विकास यात्रा चंदला विधानसभा 84 लाख लागत की सिंगपुर से गोविन्दपुर मार्ग का भूमिपूजन



छतरपुर। चंदला विधान क्षेत्र के ग्राम सिंगपुर, धावा में विधायक राजेश प्रजापति ने विकास यात्रा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री गामीण आवास में 341 हितग्राहियों को आवास स्वीकृत हुये जिनमें से 200 हितग्राही लाभान्वित हुये। योजना में नये नाम जोड़ने हेतु 94 आवेदन मिले। ग्राम सिंहपुर से गोविन्दपुर तक मुख्य सड़क तक 84 लाख स्वीकृत हुये। तथा सिंगपुर में 1.34 लागत से रपटा निर्माण और ग्वालभाटा में 2.75 लाख लागत से पुलिया निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

संबल योजना में 628 श्रमिकों का पंजीयन हुआ। आठ श्रमिकों को अत्योष्टि सहायता, एक को अनुग्रह सहायता मिली तो 46 श्रम कार्ड जारी हुये। 4 लोगों को विवाह सहायता का लाभ मिला।

22.92 लाख लागत के निर्माण कार्य लोकार्पित और 17.80 लाख लागत के भूमिपूजन ग्राम महोईकला में 14.48 लाख लागत के पंचायत भवन, 3.44 लाख के सामुदायिक स्वच्छता परिसर, 5 लाख लागत के सार्वजनिक कूप का लोकार्पण हुआ तो 10 लाख लागत के कचरा संग्रहण केन्द्र और 7.80 लाख लागत के आंगनवाड़ी भवन का भूमिपूजन हुआ।

# फायलेरिया रोधी दवा सेवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा : कलेक्टर

## डीईसी, एल्वेन्डाजोल एवं आईबरमैक्टिन गोली का डोज आयु अनुसार दिया जायेगा : सीएमएचओ



छतरपुर। जिले में फायलेरिया बीमारी के उन्मूलन का कार्यक्रम जिले में 10 से 22 फरवरी तक चलाया जायेगा। जिसमें 02 वर्ष के ऊपर की जिले की समस्त आवादी का सार्वजनिक रूप से डी.ई.सी एवं एल्बेन्डाजोल गोली एवं आईबरमैक्टिन दवा का सेवन आयु आनुसार कराया जाना है। जिससे फायलेरिया रोग (हाथी पॉव) की बीमारी से छतरपुर की जनता को रोग मुक्त कराया जा सकें। एम.डी.ए. कार्यक्रम निरीक्षण के लिए डॉ. हिमांशु जयसवार राज्य कार्यक्रम अधिकारी कीट विज्ञानी इंदौर, सी.एस. शर्मा जिला मलेरिया अधिकारी बैतूल, जीतेन्द्र सिंह राजपूत, व्ही.बी.डी.सी.पी. सलाहकार, शिव शंकर शुक्ला, भारत सरकार क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्रवीण तिवारी सलाहकार की डियूटी छतरपुर जिले में लगायी गयी है।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चैरसिया के द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं. 1 में 10 फरवरी 2023 को सुबह 10:30 बजे संदीप जी.आर. कलेक्टर, जिला सी.ई.ओ.तपस्या परिहार, डी.ई.ओ. नगरपालिका अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी एवं जिले के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में फायलेरिया रोधी दवा सेवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम की पूर्ण तैयारी कर ली गयी है। सीएमएचओ ने बताया कि शासन के आदेशानुसार जिले के 08 ब्लॉक एवं शहरी क्षेत्र छतरपुर की आवादी 1964568 है। जिससे आयु अनुसार 02 वर्ष से 05 वर्ष को 01 डी.ई.सी., 06 से 14 वर्ष को 02 डी.ई.सी, 15 वर्ष से ऊपर की आवादी को 03 डी.ई.सी 01 एल्बेन्डाजोल गोली का सेवन घर-घर जाकर आगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, आषा एवं स्वयंसेवी के द्वारा अपने समक्ष में दिनांक 10 से 22 फरवरी 2023 तक दवा का सेवन कराया जायेगा। एल्बेन्डाजोल की एक गोली को चबा-चबा कर सेवन कराया जाना है। इस वर्ष डी.ई.सी., एल्वेन्डाजोल एवं आईबरमैक्टिन गोली का डोज निचे लिखे आयु अनुसार दिया जायेगा। आईबरमैक्टिन गोली को लम्बाई के अनुसार दी जायेगी। आईबरमैक्टिन की गोली 03 फीट के बच्चों को नहीं देना है। 3 से 4 फीट के बच्चों को एक आईबर मैक्टिन की गोली दी जायेगी। 4 से 4.7 फीट तक 2 गोली, 4.7 से 5.2 तक 3 गोली, 5.2 से ऊपर की आयु को 4 आईबरमैक्टिन की गोली दी जायेगी। आईबरमैक्टिन की गोली 3एम.जी. की है। डॉ. सोनल डी.एच.ओ. द्वारा बताया गया है कि उक्त दवाएँ पूर्णताः सुरक्षित है। इनके सेवन से कोई भी वितरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। गर्भवती माताएँ, 02 वर्ष से छोटे बच्चे एवं गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों को दवा का सेवन नहीं करना है। शासन के आदेषानुसार दिनांक 10 एवं 11 फरवरी को बूथ पर जाकर (कॉलेज, स्कूल, हॉस्टल) में 3895 बूथ जिले भर में बनाये गये है। जिसमें दवा सेवक समक्ष में दवा का सेवन करायेगें। डॉ. जी.एल. अहिरवार प्रभारी सिविल सर्जन छतरपुर द्वारा बताया गया है कि दवाओं को अपने समक्ष में ही खिलाये जाने के निर्देष शासन द्वारा दिये गये है। जे.एम.आई. दिनेश कुमार पटैरिया ने जानकारी में बताया कि शहरी क्षेत्र छतरपुर में लगभग 700 दवा सेवक लगाये गये है। जिले की एम.डी.ए. कार्यक्रम की लक्षित जनसंख्या 1947944 को 7791 दवा सेवको के द्वारा दवा सेवन कराया जायेगा। जिसके निरीक्षण के लिये 790 सुपरवाईजर प्रशिक्षित कर लगाये गयें है। एम.डी.ए. कार्यक्रम में डी.ई.सी. दवा 4869760 आईबरमैक्टिन 4869760 एवं एल्वेंडाजोल की गोली 1947944 ग्राम स्तर तक पहुँचा दी गयी है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया है कि डी.ई.सी. गोली के कोई भी दुष्प्रभाव नहीं है, जिन व्यक्तियों के अंदर माईक्रो फायलेरिया के कीटाणु होते है, उनको दवा सेवन करने पर जी मचलाना, बुखार आना, सिर दर्द होना, आदि हो सकता है।

## कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण

क्रमांक 570 ज.सं./भो.वि.प्रा./ 22 भोपाल, दिनांक 09/02/2023

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की शहीद भगतसिंह नगर योजना में स्थित भवन/भूखण्ड/प्रकोष्ठ क्रं.-2 बी.एच.के. 12/5 श्री दिलीप कुमार सक्सेना आ. स्व.श्री श्याम सुन्दर सक्सेना के नाम अंकित है। आवंटी का स्वर्गवास दि. 16.10.2022 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिसगणों क्रमशः 1. श्रीमती प्रतिभा सक्सेना पत्नी स्व.श्री दिलीप कुमार सक्सेना, 2. श्रीमती दीपा सक्सेना 3. श्री दीपक कुमार सक्सेना 4. श्री पुष्पक सक्सेना पुत्री/पुत्रगण स्व.श्री दिलीप कुमार सक्सेना द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं अन्य साक्ष्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त प्रकोष्ठ का नामांतरण अपने संयुक्त नाम पर चाहा है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**

# श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा का वित्त वर्ष 23 के 9 महीने में शुद्ध लाभ 348 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई, एजेंसी। **कर्नाटक राज्य में सीमेंट की मैन्युफेक्चरिंग और सोलर पावर** जनरेशनऔर वितरण में प्रवृत्त श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड (बीएसई-530977) ने वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही और 9 महीने के अपने अनआडिटेडवित्तीय परिणामों की घोषणा की है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेडके चेयरमैन, श्री वेंकटेश कटवा नेकहा, तिमाही के दौरान सीमेंट की अच्छी मांग और भाव वृद्धि किए जाने से हम आय में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करने में समर्थ हुए। प्रोसेस को संतुलित कर और उपकरण के आधुनिकीकरण द्वारा हम मौजूदा जमीन पर हमारे क्षमता विस्तार से हमें आगामी समय में बेहतर आय प्राप्त करने में और लाभ में सुधार करने में मदद मिलेगी। वर्तमान वित्त वर्ष के 9 महीने के दौरान सोलर क्षमता की आय लगभग दुगनी हो गई है।

# फेंड्स ऑफ आईआईटी जोधपुर कॉन्क्लेव में प्रतिनिधियों और शुभचिंतकों की भागीदारी होगी

**जोधपुर, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर 11-12 फरवरी 2023 को फ्रेंड्स ऑफ आईआईटी जोधपुर कॉन्क्लेव का आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य सीएसआर क्षेत्र के प्रतिनिधियों, सभी आईआईटी के पूर्व छात्रों, विभिन्न कॉरपोरेट, फाउंडेशन के प्रतिनिधियों और पूरे देश के शुभचिंतकों के साथ भागीदारी के अवसर ढूंढना है ताकि परस्पर सहयोग से राष्ट्रीय और क्षेत्रीय विकास की विभिन्न बाधाएं दूर करना आसान हो। कॉन्क्लेव का महत्व बताते हुए आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रोफेसर शांतनु चैधरी ने कहा, फ्रेंड्स ऑफ आईआईटी जोधपुर कॉन्क्लेव का मकसद आईआईटी जोधपुर के इको सिस्टम से अधिक से अधिक भागीदारों को जोड़ना है। साथ ही, प्रमुख भागीदरों जैसे सरकारी संगठन, उद्योग, अनुसंधान समुदाय, सभी आईआईटी के पूर्व छात्रों और जनकल्याण करने वाले लोगों के लिए हमारे संस्थान को परस्पर सहयोग और योगदान का केंद्र बनाना और उन्हें खुलापन का माहौल देना है। यह कॉन्क्लेव आविष्कार-से-नवाचार के प्रोत्साहन हेतु विमर्श और निरंतर भागीदारी को बढ़ावा और हमारे समाज की वर्तमान और भावी जरूरतों का समाधान प्रस्तुत करेगा।''इस आयोजन में पूर्ण वार्ता, ज्ञानवर्धक विमर्श, आईआईटी जोधपुर के विभिन्न प्रभावी प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी सहित कई अन्य कार्यक्रम होंगे। प्रतिभागियों को आईआईटी जोधपुर के इनोवेटिव इकोसिस्टम और इससे मिलने वाले विभिन्न अवसरों से रू-ब-रू कराया जाएगा। परिसर का दौरा एवं ओपन हाउस का भी आयोजन होगा ताकि प्रतिभागी आईआईटी जोधपुर की प्रगति के विभिन्न पहलुओं को देखें।पैनल चर्चा में सीएसआर से जुड़े लोग, सभी आईआईटी के पूर्व छात्र और विभिन्न कॉरपोरेट संगठन और उद्योग जगत के प्रतिष्ठित लोग भाग लेंगे। इस कॉन्क्लेव के अवसर पर ऋषभ सेंटर फॉर रिसर्च एंड इनोवेशन इन क्लीन एनर्जी का शिलान्यास भी होगा।इस आयोजन की अध्यक्षता ऋषभ इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड के चेयरमैन और एमडी श्री नरेंद्र गोलिया करेंगे। श्री गोलिया ऋषभ सेंटर फॉर रिसर्च एंड इनोवेशन इन क्लीन एनर्जी के शिलान्यास समारोह में उपस्थित रहेंगे।आईआईटी जोधपुर की स्थापना 2008 में की गई। यह अपने प्रोग्राम और आउटरीच के प्रयासों से प्रौद्योगिकी में बड़े बदलाव, अनुसंधान और शिक्षा का एक जीवंत संस्थान बन कर तेजी से उभरा है। विज्ञान और अनुसंधान में उत्कृष्टता के साथ यह सामाजिक महत्व और प्रभाव के विभिन्न प्रोजेक्ट पर काम करते हुए शिखर की ओर अग्रसर है। संस्थान की एक अन्य पहल है फ्रेंड्स ऑफ आईआईटी जोधपुर कॉन्क्लेव जिसके माध्यम से यह देश के विकास के लिए उद्योग, शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्र से अपना सहयोग-संपर्क बढ़ाना चाहता है।.

# पॉलिकैब इंडिया लिमिटेड ने 2023 में आगामी आईसीसी ग्लोबल इवेंट्स के लिए आधिकारिक भागीदार के रूप में घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** पॉलिकैब इंडिया लिमिटेड (पॉलिकैब)), वित्त वर्ष 2022 में 122+ अरब रुपये के समेकित कारोबार के साथ भारत की प्रमुख विद्युत सामान कंपनी ने आज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के साथ एक आधिकारिक साझेदारी की घोषणा की। साझेदारी में 2023 के अंत तक निर्धारित सभी प्रमुख पुरुषों और महिलाओं की आईसीसी वैश्विक घटनाओं के लिए पॉलिकैब का प्रायोजन शामिल होगा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप, यूनाइटेड किंगडम में आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व शामिल हैं। इस कप का आयोजन भारत में 2023 होना है। पॉलिकैब इंडिया कुछ दशकों से भारतीय घरों में एक प्रसिद्ध ब्रांड रहा है और आईसीसी के साथ इस सहयोग से कंपनी को दुनिया भर में 1 अरब से अधिक क्रिकेट प्रेमियों के बीच अपने ब्रांड की दृश्यता और जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस साझेदारी के माध्यम से, पॉलिकैब का लक्ष्य अपने मौजूदा और भविष्य के ग्राहकों के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करना और संदेश देना होगा - वी इनोवेट फॉर ए ब्राइटर लिविंग। पूरे टूर्नामेंट के दौरान सभी संचार अपने अभिनव, सुरक्षित और ऊर्जा कुशल उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, ग्राहक बनाएंगे और जागरूकता और जुड़ाव को प्रभावित करेंगे।पॉलिकैब इंडिया लिमिटेड के प्रेसिडेंट और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर श्री नीलेश मलानी ने कहा- यह पॉलिकैब के लिए बहुत गर्व की बात है, जो 60 से अधिक देशों में उपस्थिति के साथ एक प्रतिष्ठित घरेलू ब्रांड है, जो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के साथ भागीदार है। खेल दुनिया भर में लाखों प्रशंसकों के लिए एक जुनून है और उसी दर्शन से प्रेरित होने के नाते, हम पॉलिकैब में अपने ग्राहकों के जुनून के माध्यम से जुड़ने के महत्व को समझते हैं। हम क्रिकेट को समर्थन देने के लिए आईसीसी के साथ साझेदारी करके खुश हैं और साथ मिलकर हम अपने संरक्षकों के लिए एक यादगार अनुभव बनाएंगे। आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी श्री अनुराग दहिया ने कहा हमें यह पुष्टि करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 2023 के अंत तक पॉलिकैब आईसीसी की घटनाओं के लिए एक आधिकारिक भागीदार होगा। हम अपने आगामी आयोजनों में उनके साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हैं, क्योंकि हम अपने खेल का आनंद लेने वाले ज्यादा प्रशंसकों को विजन प्रदान करते हैं।

# टीसीएस का ब्रिटेन के फीनिक्स समूह के साथ 60 करोड़ पाउंड का समझौता


मुंबई, एजेंसी। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने ब्रिटेन की वित्तीय सेवा कंपनी फीनिक्स समूह के साथ 60 करोड़ पाउंड (लगभग 5,986 करोड़ रुपये) का समझौता किया है। टीसीएस ने बुधवार को जारी एक बयान में इस समझौते की जानकारी दी। उसने ब्रिटेन के सबसे बड़े दीर्घावधि बचत एवं सेवानिवृत्ति सेवा प्रदाता फीनिक्स ग्रुप के साथ समझौते को रणनीतिक साझेदारी का विस्तार बताया। बयान के अनुसार, टीसीएस अपने बीएएनसीएस आधारित मंच का उपयोग कर फीनिक्स के रिएश्योर बिजनेस का डिजिटल कायाकल्प करेगी। प्रशासनिक सेवाओं समेत कारोबारी रूपांतरण का यह अनुबंध लगभग 60 करोड़ पाउंड में हुआ है।

# डिजिटल प्रणाली से सेबी को शुल्क भुगतान कर सकेंगे मध्यवर्ती

नई दिल्ली, एजेंसी। बाजार नियामक सेबी ने सभी बाजार मध्यवर्तियों एवं कंपनियों की तरफ से नियामकीय भुगतान सीधे बैंक खाते में डिजिटल ढंग से जमा करने से संबंधित नियम अधिसूचित कर दिए हैं। इन नियमों के तहत, बाजार मध्यवर्तियों एवं कंपनियों को कई तरह के शुल्कों का भुगतान भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को करना है। सेबी ने एक अधिसूचना में कहा कि उसे सीधे बैंक खाते में डिजिटल भुगतान प्रणालियों- एनईएफटी, आरटीजीएस और आईएमपीएस के जरिये शुल्क भुगतान किया जा सकता है। इसके अलावा मध्यवर्ती सेबी पेमेंट गेटवे के जरिये ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते हैं। इन बदलावों को अमल में लाने के लिए सेबी ने शुल्क भुगतान एवं भुगतान तरीका नियम को अधिसूचित किया है।

# सिंजेंटा और आईओटेक ने कृषि क्षेत्र में ड्रोन की तैनाती के लिए आपस में हाथ

## ड्रोन तकनीक के प्रशिक्षण से ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को मिलेगा रोजगार



**नई दिल्ली/पुणे, एजेंसी।** कृषि में बड़े पैमाने पर ड्रोन के उपयोग के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढाते हुए सिंजेंटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने पूरे भारत में ड्रोन छिड़काव की सुविधा के लिए आईओटीटेक वर्ल्ड एविगेशन के साथ समझौता किया है। इस समझौते के तहत दोनों कंपनियां ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देकर और उन्हें ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल के लिए तैयार कर रोजगार के सृजन करने का काम करेंगी।

सिंजेंटा की सभी स्प्रे सेवाओं और उत्पादों में आईओटीटेक वर्ल्ड के ड्रोन एग्रीबोट का उपयोग किया जा रहा है। सिंजेंटा इंडिया के प्रबंध निदेशक और कंट्री हेड श्री सुशील कुमार ने कहा कि दोनों पक्ष भारत के विभिन्न क्षेत्रों में आईओटीटेक वर्ल्ड की ड्रोन तकनीक का उपयोग करके सिंजेंटा से अनुमोदित रसायनों के छिड़काव को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने के लिए सहमत हैं। प्रथम चरण में 200 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित कर फसलों पर छिड़काव के लिए रोजगार का सृजन किया जाएगा। 400 एकड़ में बड़े पैमाने पर परीक्षण और 20 फसलों के लिए नियामकों को डेटा उपलब्ध किया गया। सिंजेंटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के फार्मर सेंट्रिक इकोसिस्टम प्रमुख श्री सचिन कामरा ने कहा कि सिंजेंटा पहली निजी कंपनी है जिसे धान पर फसलों को फंगल संक्रमण, ब्लास्ट और शीथ ब्लाइट से बचाने के लिए अपने उत्पाद एमिस्टार के छिड़काव के लिए ड्रोन का उपयोग करने के लिए भारत सरकार की केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड से मंजूरी प्राप्त हुआ है। भारत सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा नीतिगत प्रोत्साहन के साथ-साथ सिंजेंटा ने एक अनूठी पहल करते हुए पहली ड्रोन यात्रा का आयोजन किया जिसके तहत एक ड्रोन जागरूकता वैन 13 राज्यों में 17,000 किमी दूरी तय की और 15000 किसानों के समक्ष ड्रोन छिड़काव का डेमो दिया।

# पोको ने भारत में मिड-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में नया पोको एक्स5 प्रो 5जी पेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अग्रणी कंज़्यूमर टेक्नॉलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने अपनी नैक्स्ट एक्स-सीरीज़ का लॉन्च करने की घोषणा की। पोको एक्स5 प्रो 5जी में उद्योग की सर्वश्रेष्ठ विशेषताएं और स्नैपड्रैगन 778जी प्रोसेसर, 6.67'' एक्सफिनिटी एमोलेड डिस्प्ले, डॉल्बी विज़न एवं डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट और 108 मेगापिक्सल ट्रिपल कैमरा सेटअप जैसी शक्तिशाली खूबियाँ हैं। दो वैरिएंट्स, 6जीबी+128जीबी और 8जीबी+256जीबी में उपलब्ध पोको एक्स5 प्रो 5जी का मूल्य क्रमशः 22,999 रु. और 24,999 रु. है। यह 6 फरवरी से फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होगा।

इस लॉन्च के बारे में हिमांशु टंडन, कंट्री हेड, पोको इंडिया ने कहा, ''पोको एक्स-सीरीज़ के स्मार्टफोंस ने हमेशा बाजार में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है, और स्मार्टफोंस की भीड़ में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हमारा मानना है कि पोको एक्स-सीरीज़ यथास्थिति को चुनौती देकर अपेक्षाओं को बढ़ाने की ब्रांड की पहचान को प्रदर्शित करती है। 2021 में 20,000 रु. से कम मूल्य में स्नैपड्रैगन 860 प्रोसेसर के साथ स्मार्टफोन पेश करना चुनौतीपूर्ण था, जिसे पोको एक्स3 प्रो पेश करके पोको ने पूरा कर दिखाया। इसके बाद पोको एक्स4 प्रो 5जी में जबरदस्त अपग्रेड किए गए और 2022 में फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज़ सेल के दौरान इसने 150,000 यूनिटों की सेल का रिकॉर्ड बना दिया।''

''इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए पोको एक्स5 प्रो 5जी फ्लैगशिप का अहसास प्रदान करते हुए सर्वोच्च गुणवत्ता के मनोरंजन और परफॉर्मेंस के सर्वोच्च मानक पूरे कर रहा है। पोको एक्स5 प्रो 5जी के साथ हमने अपने यूज़र्स और फैंस की जरूरतों को संबोधित किया है। हम ऑल-न्यू पोको एक्स5 प्रो 5जी के साथ शहर में हलचल मचाने के लिए उत्साहित हैं।'' पोको एक्स5 प्रो 5जी में सेगमेंट का बहुत शक्तिशाली चिपसेट, स्नैपड्रैगन 778जी लगा है, और यह एन्ड्रॉयड 12 पर चलता है। यह एमआईयूआई 14 के साथ आने वाला भारत का पहला स्मार्टफोन है। एस्ट्रल ब्लैक, होराईज़न ब्लू और पोको यलो में उपलब्ध, पोको एक्स5 प्रो 5जी का वजन 181 ग्राम है और यह 7.9 मिमी. पतला है। इसलिए यह अब तक का सबसे पतला और सबसे हल्का एक्स-सीरीज़ का स्मार्टफोन है। इसमें अत्यधिक स्लिम बेज़ेल्स के साथ 6.67'' का एक्सफिनिटी डिस्प्ले लगा है, यह डॉल्बी विज़न की सपोर्ट से यूज़र को बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है, जो एक्स-सीरीज़ की श्रेणी में प्रथम है। पोको एक्स5 प्रो 5जी भारत में पहला स्मार्टफोन है, जिसमें 108 मेगापिक्सल का प्राईमरी कैमरा सेंसर है। इसमें 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाईड स्नैपर और 2मेगापिक्सल का मैक्रो सेंसर है।

# रेपो वृद्धि दर उम्मीद के अनुरूप, मुद्रास्फीति पर ध्यान बरकरार: बैंकर

मुंबई, एजेंसी। देश के अग्रणी बैंकरों ने बुधवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी करना उम्मीद के अनुरूप ही था। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि महंगाई की वृद्धि दर में कमी आने के बावजूद मौद्रिक समीक्षा में इस पर खास ध्यान दिया गया है।

पंजाब नेशनल बैंक के प्रमुख और इंडियन बैंक एसोसिएशन के चेयरमैन ए के गोयल ने कहा, नीतिगत ब्याज दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद थी। हाल के दिनों में खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों में गिरावट आने के बावजूद नीतिगत समीक्षा में उस पर और ज्यादा नियंत्रण पर जोर दिया गया है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा कि अमेरिकी रोजगार आंकड़ों में निरंतर मजबूती आने से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए मौद्रिक नीति में संतुलन साधना एक मुश्किल काम हो गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दर बढ़ोतरी से इतर कई नियामकीय मोर्चों पर आरबीआई ने महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं।

विदेशी कर्जदाता स्टैंडर्ड चार्टर्ड की भारत में प्रमुख जरीन दारुवाला ने कहा कि रिजर्व बैंक ने आगामी वित्त वर्ष की पहली छमाही में वृद्धि दर अनुमान सात प्रतिशत से ज्यादा रखा है, जिससे पता चलता है कि उसे भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास है। गैर-बैंकिंग कंपनी श्रीराम फाइनेंस के कार्यकारी वाइस चेयरमैन उमेश रेवांकर ने छोटे व्यापारों में नकदी का प्रवाह बढ़ाने के उद्देश्य से टीआरईडीएस के दायरे को व्यापक करने वाली नीति का स्वागत किया।

# इस एक गलत जवाब से अमेरिकी कंपनी का बंटाधार, घंटों में गंवा दिए 100 अरब डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के सामने आने के बाद गौतम अडानी की कंपनियों के शेयर में बड़ी गरिावट देखी गई. पछिले दनिों इस गरिावट का आलम यह रहा कि 10 दनि में उनकी 100 अरब डॉलर से भी ज्यादा की संपत्ता स्वाहा हो गई. लेकनि अब एआई चैटबॉट बार्ड के वज्ञिापन में गलत जवाब देने के बाद गूगल को 100 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ है. गूगल के नए चैटबॉट ने एक प्रमोशनल वीडियो में गलत जवाब दयिा. जानकारों का कहना है कि अल्फाबेट के नविेशकों को यह चतिंा सता रही है कि गूगल का चैटबॉट माइक्रोसॉफ्ट के चैटबॉट का कैसे मुकाबला कर सकता है इससे अल्फाबेट के शेयर में 9



प्रतशित की गरिावट दर्ज की गई है.रॉयटर्स की तरफ से सबसे पहले गूगल के वज्ञिापन में इस खामी की तरफ इशारा किया गया था. दरअसल, गूगल ने एक इवेंट का आयोजन किया था. इस दौरान गूगल ने बोर्ड नामक नए आर्टफिशियिल इंटेलजिेंस चैटबॉट का प्रमोशन किया. इस दौरान गूगल मैप्स और गूगल लेंस समेत गूगल के कई प्रोडक्ट में हुए अपडेट को दखिाया गया. इससे एक दनि पहले ही माइक्रोसॉफ्ट ने अपने सर्च इंजन ख्र्रड्ढठ्ठद्द में नई ्रढ्ढ टेक्नकि को दखिाने के लएि अपना इवेंट आयोजति किया था.

# ग्रेसिम इंडस्ट्री लिमिटेड ने सुश्री अनन्या बिरला व आर्यमान विक्रम बिरला को डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किया





मुम्बई, एजेंसी। ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बोर्ड ने आज आहूत मीटिंग में, सुश्री अनन्या बिरला व श्री आर्यमान विक्रम बिरला को डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किया। सुश्री अनन्या व श्री आर्यमान दोनों ही आंत्रप्रेन्योरशिप व व्यवसाय निर्माण का समृद्ध और विविधतापूर्ण अनुभव रखते हैं। बोर्ड को विश्वास है कि ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड को इन दोनों युवाओं की ऊर्जा से भरी नई पीढ़ी की सोच और व्यावसायिक सूझबूझ का पूरा लाभ मिलेगा।

इस नियुक्ति के बारे में बात करते हुए, श्री कुमार मंगलम बिरला, चेयरमैन आदित्य बिरला ग्रुप ने कहा ङ्क 'आदित्य बिरला ग्रुप की एक फ्लैगशिप कम्पनी होने के नाते, ग्रेसिम ने बीते सालों में कई उच्च वृद्धि (हाई ग्रोथ) वाले व्यवसाय खड़े किये हैं। कम्पनी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पोषित किये गये विभिन्न सेक्टर्स, जैसे सीमेंट, फाइबर्स और कैमिकल्स उन विविध आयामों के साक्षी हैं जो इस कम्पनी को सार्थक रूप में परिभाषित करते हैं। अपने दो नए हाई ग्रोथ इंजनों- पेंट्स व बिल्डिंग मटेरियल्स के लिये बी2बी ई-कॉमर्स की रचना के साथ आगे बढ़ते हुए ग्रेसिम अब निर्णायक स्थिति में आ गया है। इसलिए बोर्ड के लिए यह एकदम उपयुक्त अवसर है, अनन्या व आर्यमान को निदेशकों के रूप में नियुक्त करने के लिए। इन दोनों की व्यवसायिक सूझबूझ और नए जमाने के व्यवसाय तथा कंज्यूमर बिहेवियर की समझ, वृद्धि की नई यात्रा की ओर अग्रसर ग्रेसिम के लिए मूल्यवान साबित होगी। श्री बिरला ने आगे कहा- 'अनन्या व आर्यमान इस ग्रुप में मूल्यों एवं उद्देश्यों में पूरा विश्वास रखते हैं। मुझे भरोसा है कि वे ग्रुप की समृद्ध उद्यम संबंधी परम्पराओं में अधिक ऊर्जा व नए आयाम को साथ जोड़ेंगे तथा दीर्घकालिक हितग्राही मूल्यों (सस्टेन्ड स्टेकहोल्डर वैल्यू) को बढ़ाने में मददगार साबित होंगे।

गौरतलब है कि सुश्री अनन्या व आर्यमान बिरला को हाल ही में आदित्य बिरला मैनेजमेंट कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड के निदेशकों के रूप में भी नियुक्ति दी गई, जो कि एक एपेक्स बॉडी है जो आदित्य बिरला ग्रुप के व्यवसायों को रणनीतिक दिशा उपलब्ध करवाती है। सुश्री अनन्या बिरला एक सफल महिला उद्यमी व प्लेटिनम सेलिंग (रिकॉर्डिंग इंडस्ट्री में उच्च सफलताप्राप्त) कलाकार हैं।

# इलेक्ट्रिक व्हीकल मार्केट में 2030 तक आएंगी 5 करोड़ नौकरियां



नई दिल्ली, एजेंसी। देश में साल 2022 में ईवी की बिक्री का आंकड़ा 10 लाख पर पहुंच गया। यह 2021 की तुलना में तीन गुना से भी ज्यादा है। हाल ही में आए आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार का अनुमान है कि देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या साल 2030 तक 1 करोड़ को पार कर जाएगी, साथ ही इससे जुड़ी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों की संख्या भी लगभग 5 करोड़ से ज्यादा होने की उम्मीद है। ईवी और हायरिंग सेक्टर से जुड़े एक्सपर्ट्स का भी मानना है कि ईवी सेक्टर देश में नौकरियों का एक प्रमुख स्रोत बन सकता है।

सरकार की कोशिश है कि 2030 तक कुल वाहनों की बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 30त्न हो जाए। वाहनों की बढ़ती संख्या से ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स और कंपोनेंट कंपनियों का एक विशाल इकोसिस्टम निर्मित होगा। इनसे जुड़े क्षेत्रों में लाखों नए कौशल की भी जरूरत होगी।

# 1800 एग्जीबिटर्स ने नए बिजनेस एवेन्यू और विस्तार की संभावनाओं की पहचान की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अब दुनिया की सबसे बड़ी प्लास्टिक एग्जीबिशन बन चुकी इंटरनेशनल प्लास्टिक एग्जीबिशन प्लास्टइंडिया 2023 का 11वां एडीशन शानदार रूप से सफल रहा। 5-दिवसीय सम्मेलन (1 फरवरी से 5 फरवरी) में 3.60 लाख विजिटर्स की भारी भीड़ देखी गई। प्लास्टिक इंडस्ट्री के लिए सबसे व्यापक एग्जीबिशंस में से एक, लगभग 1800 एग्जीबिटर ने प्लास्टइंडिया 2023 में अपने लेटेस्ट विश्व-स्तरीय प्रोसेसिंग मशीनरी, रॉ मैटेरियल, रिसाइक्लिंग टेक्नोलॉजी और लेटेस्ट ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन किया। एग्जीबिटर्स सफलतापूर्वक पोटेंशियल कस्टमर्स तक पहुंचे और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नए एवेन्यू की पहचान की। 5 दिनों में कई हाई वैल्यू ट्रांजेक्शन किए गए।

माननीय रसायन और उर्वरक और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख भाई मंडाविया की अध्यक्षता में हाई-पावर्ड सीईओ कॉन्क्लेव का आयोजन एग्जीबिशन वेन्यू पर किया गया। कॉन्क्लेव में 90 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स और सीईओ ने भाग लिया और इस बात पर विचार-विमर्श किया कि भारतीय प्लास्टिक इंडस्ट्री अपनी पूरी क्षमता तक कैसे पहुंच सकती है। इस बात पर सहमति हुई कि उद्योग और नीति निर्माता हाथ से हाथ मिलाकर चलेंगे ताकि नीतियां उद्योग के लिए हतोत्साह करने के बजाय उत्साहजनक हो सकें। भारतीय प्लास्टिक इंडस्ट्री को ग्लोबल सोर्सिंग हब बनने के लिए एक उपयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए यदि कुछ बदलाव किए जाने हैं तो नीति निर्माता इस बारे में विचार करने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर रसायन और उर्वरक मंत्रालय के रसायन विभाग के संयुक्त सचीव श्री अरुण बरोका भी मौजूद थे।

एग्जीबिशन के दौरान, प्लेक्सकॉनसिल के सहयोग से आरबीएसएम मीटिंग्स भी आयोजित की गईं, जिसमें भारत से अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न देशों के 300 से अधिक खरीदारों ने भाग लिया। आरबीएसएम सफलतापूर्वक प्लास्टिक उत्पादों/मशीनरी और मोल्ड के संभावित विदेशी खरीदारों को भारत लाया।

सफल एग्जीबिशन पर बोलते हुए, प्लास्टइंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री जिगीश दोशी ने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि प्लास्टइंडिया का अब तक का सबसे बड़ा एडिशन - प्लास्टइंडिया 2023 को एक शानदार सफलता मिली है। चूँकि यह एक बिजनेस-ऑनली एग्जीबिशन थी, जिसमें इंडस्ट्री से लेकर कच्चे माल, मशीनरी और तैयार माल की पूरी रेंज एक ही छत के नीचे प्रदर्शित की गई थी, जिसे एग्जीबिटर और विजिटर्स दोनों ने बहुत फायदेमंद पाया। दुनिया अब भारत की ओर देख रही है और मुझे विश्वास है कि सही नीति के सपोर्ट के साथ हम जल्द ही प्लास्टिक के वैश्विक सोर्सिंग हब के रूप में उभरेंगे।

नेशनल एग्जीक्यूटिव काउंसिल प्लास्ट इंडिया-2023 के चेयरमैन श्री अजय शाह ने कहा, प्लास्टइंडिया 2023 का परिणाम बहुत ही आशाजनक रहा है। प्रदर्शित किए गए इनोवेशन और टेक्नोलॉजी भविष्य के लिए रोडमैप निर्धारित करेंगी। प्लास्टइंडिया 2023 ने इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली दिमागों को भी एक साथ लाया, जिन्होंने इंडस्ट्री के बारे में नेटवर्क, एक्सप्लोर और अधिक जानने के लिए इस अवसर का उपयोग किया। इसने राज्य सरकारों और नगर परिषदों के साथ विभिन्न व्यवसायों को भी पेश किया और परिचित कराया।

# इंदौर नगर निगम का ग्रीन बांड का पब्लिक इश्यू निवेश के लिए 10 फरवरी को खुलेगा



**इंदौर, एजेंसी।** मूल्यांकित, सूचीबद्ध, कर योग्य, सुरक्षित, भुनाने योग्य, गैर-परिवर्तनीय ग्रीन म्युनिसिपल बांड जिसमें प्रत्येक का अंकित मूल्य 1000 रुपये है, (जिसमें 4 (चार) अलग-अलग हस्तांतरणीय और भुनाने योग्य प्रमुख भाग (एसटीआरपीपी) अर्थात् 250/- अंकित मूल्य का 1 एसटीआरपीपी ए, 250/- अंकित मूल्य का 1 एसटीआरपीपी बी, 250/- अंकित मूल्य का 1 एसटीआरपीपी सी, और 250 अंकित मूल्य का 1 एसटीआरपीपी डी) शामिल है, के सार्वजनिक निर्गम के लिए मध्य प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1956 के तहत वर्ष 1956 में स्थापित इंदौर नगर निगम (आईएमसी या निगम) ने प्रस्ताव दस्तावेज दायर किया है। यह निर्गम 10 फरवरी, 2023 को खुलेगा और 14 फरवरी, 2023 को बंद होगा। यह ग्रीन बॉन्ड निर्गम प्रति वर्ष 8.25 प्रतिशत की कूपन दर की पेशकश करता है, जो अर्धवार्षिक देय है और प्रभावी प्रतिफल प्रति वर्ष 8.42 प्रतिशत है। इस एनसीडी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) (स्टॉक एक्सचेंज) में रूप में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है, और एनएसई निर्गम के लिए नामित स्टॉक एक्सचेंज होगा। इन ग्रीन बॉन्डों को केयर रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा केयर एए-स्टेबल और इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आईएनडी एए+/स्टेबल के रूप में मूल्यांकित किया गया है। इन ग्रीन बॉन्डों की अवधि 3 वर्ष (एसटीआरपीपी ए), 5 वर्ष (एसटीआरपीपी बी), 7 वर्ष (एसटीआरपीपी सी) और 9 वर्ष (एसटीआरपीपी डी) है। श्रेणी ढ्ढ (क्यूआईबी), श्रेणी आइआइ (कॉर्पोरेट), श्रेणी आइआइआइ (एचएनआई) और श्रेणी आइवी (रिटेल इंडिविजुअल) के एनसीडी धारकों के लिए प्रभावी उपज (प्रति वर्ष) 8.41 प्रतिशत 3 वर्ष, 5 वर्ष और 7 वर्ष की अवधि के लिए है और यह एसटीआरपीपी डी के 9 वर्ष की अवधि के लिए 8.42 प्रतिशत है।

# शिवमय हुआ नगर, धूम धाम से निकली शिव महापुराण कलशयात्रा

## आज से दशहरा मैदान में आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज करेंगे प्रवचन, 10 से 18 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी कथा





**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा के दशहरा मैदान में महाशिवरात्रि पर दस दिवसीय शिव महापुराण कथा महोत्सव का गुरुवार को देव पूजन जल कलश यात्रा के साथ यजमान दम्पत्ति विवेक बंटी शालिनी साहू ने श्री गणेश किया मोहन नगर षष्ठी माता मंदिर से निकाली गई यात्रा में यजमान दंपत्ति ने अपने सिर पर शिव महापुराण और 108 महिलाओ ने 108 जल कलश सिर पर धारण कर मोहन नगर से दशहरा मैंदान तक पद यात्रा की डी जे बैंडबाजा की धुन पर शिव भक्तों ने मार्ग में जगह – जगह नाच गाना किया यात्रा में महाकाल प्रतिमा के साथ ही भगवान शिव –पार्वती की झांकी भी प्रस्तुत की गई थी आगे चार घोड़ो पर चार युवक धर्म ध्वजा लिए चल रहे थे रास्ते भर श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत कर शिवमहापुराण का पूजन किया दशहरा मैदान पहुंचकर यजमान दंपत्ति ने स्थान पूजन ,ग्रंथ पूजन और व्यास पीठ पूजन किया पूजन विश्व शान्ति ट्रस्ट मथुरा के ब्राह्मण इंद्रेश तिवारी ने कराया यात्रा में पूजा श्री परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### ऐसा रहेगा शिवमहापुराण का कार्यक्रम ..

आज की कथा शिव महापुराण महत्व
11 फरवरी आदि शिवलिंग पूजा विधि,
12 फरवरी नारद मोह, कुबेर चरित्र वर्णन,
13फरवरी सती –संध्या देवी कथा और शिव विवाह,
14 फरवरी पार्वती प्राकट्य महोत्सव,
15 फरवरी श्री गणेश प्राकट्य महोत्सव,
16 फरवरी त्रिपुरासुर वध ,जालन्धर उद्धार,
17 फरवरी शिव अवतार कथाएं,
18 फरवरी द्वादश ज्योतिर्लिंगों का महत्व,

**आज से होगी कथा ..**

10 से 18 फरवरी तक दशहरा मैदान में आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज प्रति दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवचन करेंगे मैदान कथा के लिए तैयार कर लिया गया है आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज का स्टाफ छिन्दवाड़ा पहुंच गया है महाराज गुरुवार को रात 10 बजे तक छिन्दवाड़ा पहुंचेंगे उनके रुकने की व्यवस्था पूजा लॉन में की गई है शिव महापुराण कथा महोत्सव को लेकर लोगो मे जबरदस्त उत्साह है 10 फरवरी से यहां महाराज श्री कथा का शुभारंभ करेपीठ से आचार्य शिव भक्तों को शिव महापुराण का महत्व , ,प्रसंग सहित धर्म उपदेशना के साथ ही पुराण में वर्णित जीवन और सृष्टि प्रबंधन के विविध रहस्य बताएंगे। कथा के आयोजक विवेक बंटी साहू पूजाश्री परिवार ने धर्म प्रेमियों से कथा में शामिल होकर पुण्य – लाभ का भागीदार बनने की अपील की है पूजाश्री परिवार का शहर में यह तीसरा बड़ा धार्मिक आयोजन है इसके पूर्व दशहरा मैदान में साध्वी चित्र लेखा देवी और साध्वी ऋतुम्भरा के प्रवचनों का आयोजन भी साहू परिवार कर चुका है



## बच्चों के साथ कलेक्टर ने खाया खाना



**छिंदवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती पटले ने की ग्राम पंचायत सुरंगी, धौलपुर और खमारपानी कीग्राम सभा में विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं ग्राम पंचायत धौलपुर में बच्चों के साथ लिया स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया।

## 16 अवैध नल कनेक्शन बंद कर उन्हें वैध किया

**छिंदवाड़ा ।** नगर निगम द्वारा वार्ड नं 30 अली नगर के चुहिया मोहल्ला के 16 अवैध नल कनेक्शन बंद कर उन्हें वैध कनेक्शन किया गया।नगर निगम द्वारा इन अवैध कनेक्शन धारियों को कनेक्शन वैध कराने के लिए लगातार सूचित किया जा रहा था लेकिन ये अवैध कनेक्शन धारी कनेक्शन वैध नहीं करवा रहे थे।क्षेत्र में नल से गंदा पानी आने की भी शिकायतें आ रही थीं। निगम द्वारा कराई गई पाइप लाइन की जाँच में इन अवैध कनेक्शनों को ही गंदा पानी आने का कारण माना गया। जल प्रदाय प्रभारी सहायक यंत्री विवेक चौहान ने बताया कि क्षेत्र में अवैध कनेक्शन हटा कर नई पाइप लाइन डाली गई और इन अवैध कनेक्शन धारियों से वैध कनेक्शन किए जाने के एवज़ में ?29000/– जमा कराए गए तथा निर्धारित ?175/– प्रतिमाह की जलकर राशि प्रत्येक कनेक्शन के लिए वसूल कर उनके कार्ड बनाए गए और यह हिदायत दी गई कि नियमित रूप से प्रतिमाह निर्धारित जलकर की राशि जमा करें तथा पाइप लाइन को क्षति न पहुंचाएं अन्यथा पाइप लाइन को हुई क्षति की राशि वसूल करने के साथ ही जुर्माना भी लगाया जाएगा व नल कनेक्शन हमेशा के लिए काट दिया जाएगा।

## महिला कांग्रेस सेवादल में हुई नियुक्तियां



**छिन्दवाड़ा।** महिला कांग्रेस सेवादल में वरिष्ठ नेताओं की सहमति के उपरांत नवनियुक्तियां की गई है। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि महिला कांग्रेस सेवादल तुलसा प्रसाद मीडिया सेल अध्यक्ष, रेनु तिवारी को वार्ड अध्यक्ष, वहीदा खान को वार्ड 5 की उपाध्यक्ष, सोनम बुनकर वार्ड 18 की अध्यक्ष नियुक्त की गई। वार्ड क्रमांक 14 से रमधना नोरकर को अध्यक्ष एवं शिवानी मरापे को वार्ड क्रमांक 35 का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उक्त सम्पूर्ण नियुक्तियां महिला कांग्रेस सेवादल की आयोजित बैठक में की गई।

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सांसद नकुलनाथ के द्वारा विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी



**अमरबाड़ा ।** शहर में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रमबूथ क्रमांक, 323 324 ,325,326 ,328 में संपन्न हुआ। नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनोद चौरसिया ने बताया कि अमरवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 7,8,9,10,11,12,13, 14 एवं 15 में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली गई जिसमें पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं जनता जनार्दन के साथ सभा की जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जिले के सांसद नकुल नाथ के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में सभी को जानकारी दी और भाजपा की गलत नीतियों का विरोध दर्ज कराया बढ़ती महंगाई चरम सीमा पर भ्रष्टाचार बेरोजगारी किसानों का शोषण महिलाओं पर अत्याचार किए जा रहे हैं जिसका हम आने वाले चुनाव में सभी मिलकर इस भाजपा सरकार को हटाएंगे और कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाकर कांग्रेस की सरकार लाएंगे।

## शासन की योजनाओं की दी जानकारी

**छिंदवाड़ा ।** मध्यप्रदेश जनाभियान परिषद नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी विकासखंड अमरवाड़ा द्वारा ग्राम छुई में सेक्टर स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय प्रस्फुटन समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक का आयोजन जिला समन्वयक पवन सहगल विकासखंड समन्वयक वंदना राकेशिया के मार्गदर्शन में किया गया अध्यक्ष चंद्रकांत विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राम छिंदी सहित आसपास के ग्रामों में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से सम्बंधित गतिविधियों को भी सम्पन्न कराया गया सेक्टर प्रभारी ममता ठाकुर ने विकास यात्रा, जन सेवा अभियान, नशामुक्ति अभियान, जल संरक्षण, स्वास्थ्य और पोषण आहार, स्वच्छ भारत अभियान, मतदाता जागरूकता सहित शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओ को जन जन तक पहुंचाने हेतु लोगो से अपील की ।

## सुनीता सूर्यवंशी वार्ड अध्यक्ष एवं जैवन्ती आम्रवंशी बनी सचिव

**छिंदवाड़ा ।** नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोषी गजभिये द्वारा कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार एवं पूर्व केबिनेट मंत्री दीपक सक्सेना जी, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी विश्वनाथ ओक्टे और महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चैधरी और नगर पालिक निगम वार्ड नंबर 43 की पार्षद शिवानी सक्सेना एवं जिला कार्यवाहक अध्यक्ष मीना कोरी, शहर कार्यवाहक अध्यक्ष दीपा यादव की अनुशंसा पर वार्ड नंबर 43 की वार्ड अध्यक्ष पद पर सुनीता सूर्यवंशी एवं जैवन्ती आम्रवंशी की सचिव पद पर की नियुक्ति की गई ।

## वाणिज्य संकाय की छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण



**छिंदवाड़ा।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा में के वाणिज्य विभाग द्वारा अकादमिक उत्कृष्ठ गतिविधि सत्र 2022 2023 के अंतर्गत आज दिनांक 09 फरवरी 2023 को वाणिज्य संकाय की छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण हेतु दि अप्रेरल गारमेन्ट फैक्ट्री चंदनगाव एवं सांची दुग्ध डेरी छिंदवाड़ा ले जाया गया। उक्त शैक्षणिक भ्रमण के दौरान वाणिज्य संकाय की छात्राओं ने गारमेन्ट फैक्ट्री में एक्सपोर्ट क्वालिटी के कपड़ों के निर्माण की प्रक्रिया को विस्तृत रूप से जाना गारमेन्ट फैक्ट्री के संचालक श्री यमन अल्डक एवं श्रीमती दीपा सावले के द्वारा छात्राओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में गारमेन्ट फैक्ट्री की स्थापना एवं संचालक की विधिवत जानकारी दी गई। इसी क्रम में छात्राओं ने सांची दुग्ध डेरी खजरी का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने दुग्ध उत्पादन से संबंधी जानकारी प्राप्त की।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 को

**छिन्दवाड़ा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 11 फरवरी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय छिन्दवाड़ा तथा तहसील न्यायालय अमरवाड़ा, हर्रई, चौरई, जुन्नारदेव, तामिया, पांढुर्णा, परासिया और सौंसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री शर्मा जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर.भवन में 11 फरवरी को प्रात: 10:30 बजे नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ करेंगे। इस लोक अदालत में न्यायालय में लंबित सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, चैक बाउंस, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य मामलों के साथ ही जलकर व बिजली के बिल संबंधी प्री–लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण भी किया जायेगा।जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण श्रीमती सविता ओगले ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री शर्मा द्वारा जिला मुख्यालय के साथ ही सभी 8 सिविल न्यायालयों अमरवाड़ा, हर्रई, चौरई, जुन्नारदेव, तामिया, पाण्ढुर्णा, परासिया व सौंसर में न्यायिक अधिकारियों की 39 खण्डपीठ गठित कर प्रत्येक खण्डपीठ में एक–एक अधिवक्ता की सुलहकर्ता सदस्य के रूप में नियुक्ति की गई है। नेशनल लोक अदालत की तैयारी के लिये बैंक, बीमा कम्पनी और विद्युत विभाग के अधिकारियों से प्री–सिटिंग की जाकर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री शर्मा ने सभी खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारियों और न्यायालय के कर्मचारियों को नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिये निर्देश जारी करने के साथ ही जिले के सभी अधिवक्ता संघों और उनके अधिवक्ता सदस्यों से प्रकरणों के निराकरण में सहयोग की अपेक्षा की है।

## महिलाकर्मी का हल्लाबोल आन्दोलन 26 को

### रावनवाडा में रसोईया एवं कामकादी महिला कर्मियों की बैठक



**परासिया09फरवरी( जनपक्ष )।** ब्लाक के रावनवाडा में सांसद नकुलनाथ एवं विधायक सोहन बाल्मीकि की मंशानुरूप कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वासुदेव शर्मा की उपस्थिति में स्कूलों एवं आंगनबाड़ी की रसोईयों की बैठक पंचायत भवन में संपन्न हुई जिसमें मध्यान्ह भोजन कार्यकर्ता (रसोईया), आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं आशा ऊषा कार्यकर्ताओं सहित कामकाजी महिला कर्मचारी उपस्थित रहीं। रावनवाडा सरपंच अरूण नावेद की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रमोद शर्मा जिला उपाध्यक्ष, ब्लाक असंगठित कामगार कांग्रेस परासिया अध्यक्ष रमन ब्रम्हे, ब्लाक कार्यकारी अध्यक्ष गिरधारी चलाधिया, खिरसाडोह क्षेत्रीय कामगार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ शहताप सिह खोवारिया ने बैठक में अपने विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मति से 26 फरवरी को न्यूनतम वेतन 11 हजार देने, रसोईयों को चौथे दर्जे का सरकारी कर्मचारी घोषित करने, ड्रेस कोड लागू करने, बीमा एवं पेंशन जैसी मांगों के लिए कलेक्ट्रेट पर होने वाले हल्लाबोल आंदोलन में बडी संख्या में पहुंचने का निर्णय लिया गया।कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने बैठक में बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं से मुफ्त में काम कराने की परंपरा शुरू कर दी है, रसोईयों, आशाओं को 2000 रूपए देती है, वह भी महीनों नहीं मिलता जबकि न्यूनतम वेतन का कानून है जो हर काम करने वाले को 11,000 रूपए महीने देने का अधिकार देता है, हमें न्यूनतम वेतन के लिए एकजुट होकर आंदोलन करना पडेगा, इसलिए 26 फरवरी को छिंदवाड़ा में कलेक्ट्रेट पर हल्लाबोल आंदोलन किया जा रहा है जिसमें अधिक संख्या में 12 बजे तक राजीव भवन

## 13 फरवरी को अतिथि शिक्षक मुख्यमंत्री के नाम सौपेंगे अल्टीमेटम ज्ञापन

### हाथो में तिरंगा लेकर निकालेंगे न्याय यात्रा

**छिंदवाड़ा ।** आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रदेश महासचिव एवं छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष संतोष कहार ने बताया कि प्रदेश के समस्त अतिथि शिक्षक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय आह्वान पर प्रदेश के समस्त जिलो में एक साथ और एक ही दिन प्रदेश भर के अतिथि शिक्षक दिनांक 13 फरवरी 2023 दिन सोमवार को सामूहिक अवकाश पर रहते हुए, अपनी लंबित मांग – 12 माह का सेवाकाल/पदस्थायित्व/ विभागीय पात्रता परीक्षा लेकर बोनस अंक के साथ नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन पर रहेंगे।साथ ही अपने हाथो में तिरंगा झंडे को लेकर न्याय यात्रा पर निकलेंगे जिसमे प्रदेश भर के सभी अतिथि शिक्षको के संगठन एक साथ इस न्याय यात्रा आंदोलन में शामिल होंगे। आजाद स्कूल / समन्वय संगठन / संयुक्त अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में विगत दिनो दिनांक 1 फरवरी 2023 को भोपाल के नाईन मसाला में प्रेस वार्ता संपन्न हुई। जिसमें अतिथि शिक्षको की मांगो के हित को ध्यान में रखते हुए आगामी बजट सत्र से पूर्व मध्य प्रदेश के सभी जिलो में 13 फरवरी 2023 को जिला स्तर पर एक दिवसीय / धरना/ रैली/ ज्ञापन आंदोलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जो उपरोक्त तिथि में प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ संपन्न होना है। जिसको लेकर सभी अतिथि शिक्षक संगठनो के प्रदेश/संभाग/जिला पदाधिकारियो की विशेष उपस्तिथि में यह कार्यक्रम संपन्न होना है ।छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष संतोष कहार ने बताया कि प्रदेश के सभी अतिथि शिक्षको के हित को ध्यान में रखते हुए होने वाली तिरंगा रैली/न्याय यात्रा कार्यक्रमों में जिले के सभी विकासखंडों के अतिथि शिक्षक / शिक्षिकाओ से आग्रह है कि सभी लोग अपना पूर्ण योगदान और समर्थन देने हेतु अधिक संख्या में अपनी और अपने साथियो की उपस्थिति प्रदान करें

## छिंदवाड़ा-कांग्रेस का गढ़-यहां से चुनाव लड़ना बच्चों का खेल नहीं: बिसेन

### संगठन चाहेगा तो विचार करेंगे

**गोविन्द चौरसिया**



**छिंदवाड़ा ।** पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष गौरशंकर बिसेन ने कहा कि छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ रहा है, यहां से लोकसभा का चुनाव लड़ना बच्चों का खेल नहीं है। वे छिंदवाड़ा दौरे पर आये थे उन्होने प्रेस से चर्चा करते हुये कहा भोपाल में घोषणा की थी कि वे छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे, क्योकि उनकी बेटी मौसम बालाघाट से चुनाव लड़ेगी, संगठन और जिले के सातों विधानसभाओं के नेता यदि कहेंगे तो वे चुनाव लड़ने पर विचार कर सकते हैं। श्री बिसेन ने कहा कि पिछले चुनाव कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ लोकसभा चुनाव नत्थनशाह से लड़े थे और उन्होने नत्थनशाह को 35 हजार वोटों से हराया था। उन्होने कहा कि मैं छिंदवाड़ा चुनाव लड़ने के लिए नहीं आता।

### बिसेन ने व्यक्त की शोक संवेदना

**छिंदवाड़ा।** वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश जायसवाल के निधन पर पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन उनके घर गये एवं शोक संवेदना व्यक्त की, प्रकाश जायसवाल पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।

## आरईपीएल लखनऊ ने ब्लैक केप नागपुर को 9 विकेट से हराया

**छिंदवाड़ा ।** प्रतियोगिता सचिव संदीप मालवीय एवं प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष एवं खेल मित्र नितिन खंडेलवाल ने बताया कि मैच ब्लैक कैप नागपुर व आरईपीएल लखनउ के मध्य खेला गया । पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लैक केप नागपुर ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाएं जिसमे 39 रन आशीष डेहरिया व 28 रन अभिषेक पाठक ने बनाये। आरईपीएल लखनउ के गेंदबाज प्रिंस मौर्य व साजन वर्मा ने 2-2 विकेट लिए। 137 लक्ष्य को आरईपीएल लखनऊ ने 11 ओवर में 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। लखनऊ के बल्लेबाज शाश्वत पांडे ने 70 व हिमांशु सिंग ने नाबाद 54 रन बनाए। मैच 9 विकेट से आरईपीएल लखनऊ ने जीता। मैच में अंपायर वीसीए से रजिस्टर्ड अंपायर मोनीश रामटेके व दिग्विजय डिसिल्वा स्कोरर संतोष कहार व कमेंटेटर श्रान्त चन्देल रहे। मैन ऑफ द मैच शाश्वत पांडे को ?1100 प्रदान किया गया

## आदिनाथ जिनालय का 29 वां वार्षिक महोत्सव 11 एवं 12 को

### ध्वजारोहण, आदिनाथ विधान कर निकलेगी श्रीजी की भव्य रथयात्रा

**छिन्दवाड़ा ।** अहिंसा के प्रणेता 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के शासन काल मे आध्यात्मिक सतपुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के तत्वप्रभावना योग में धर्म नगरी छिन्दवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज में वर्ष 1994 में श्री आदिनाथ दिगम्बर जिनालय एवं स्वाध्याय भवन का भव्य एवं मनोहारी निर्माण श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा किया गया। जिसका 29 वां वार्षिक महोत्सव फाल्गुन कृष्ण छटवीं शनिवार 11 एवं रविवार 12 फरवरी 2023 को बाल ब्रह्मचारणीय डॉ. आरती जैन एवं जैनदर्शन के युवा विद्धवान पण्डितश्री अंकुरजी शास्त्री दूरदर्शन भोपाल के साथ स्थानीय विध्दवानों एवं श्रेष्ठिजनों के मंगल सानिध्य में विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनाया जावेगा।

### एक सहायक शिक्षक निलंबित

**छिन्दवाड़ा।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य श्री सत्येन्द्र सिंह मरकाम द्वारा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झिरपा के प्रतिवेदन में धारा 151/107, 116(3) के अंतर्गत गिरफ्तार कर जेल में दाखिल किये जाने का लेख करने पर जिले के विकासखंड तामिया के ग्राम कुरंगला की शासकीय प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक श्री कलीराम डांडोलिया को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और उदासीनता बरतने व उक्त कृत्य कदाचरण की श्रेणी में आने पर श्री डांडोलिया को 30 नबंवर 2022 से निलंबित कर दिया गया है । निलंबन अवधि में श्री डांडोलिया का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिछुआ रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

## बॉक्सिंग नेशनल चैंपियन में उत्पन्ना को मिल गोल्ड मेडल

**जुन्नारदेव गुड़ी अंबाडा ।** इंदौर में आयोजित प्रतियोगिता बॉक्सिंग नेशनल चैंपियन में गांव की बेटी उत्पन्ना पिता श्री राजकुमार उइके विजयी हुई विजयी होने पर संस्था की ओर से उन्हें गोल्ड मेडल दिया वैसे इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से चैंपियन आए थे इस प्रतियोगिता में जीत हासिल होने पर सर्व श्री नेपाल सिंह उइके, राजकुमार उइके, मुकेश यादव, मयूर उइके, किट्टू उईके, रोहित साहू, विजय धुर्वे, रूपेश पवार, अजय विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, सहित पूर्व सरपंच गिरजा शिवप्रसाद उइके ने बधाई दे उज्जवल भविष्य की कामना की गत 2 से 5 फरवरी 2023 तक प्रदेश के शहर इंदौर (पब्लिक स्कूल) में भिन्न भिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें देश के सभी राज्यों से एक से बढ़कर एक चैंपियन आए और सभी ने अपना अपना जौहर दिखाया जिसमें किसी को जीत तो किसी को पराजय मिली,



### बॉक्सिंग का खिताब उत्पन्ना के नाम

इन्हीं प्रतियोगिता में बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था जिस का फाइनल मुकाबला मध्यप्रदेश एवं दिल्ली के बीच हुआ था जिसमे मध्य प्रदेश विजयी रहा एवं खिताब पर कब्जा जमाया इस प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान पर रहने के चलते उत्पन्ना उइके को संस्था ने गोल्ड मेडल प्रदान किया

## विकास यात्रा के नाम पर भाजपा ने अधिकारियों को प्रचार में लगाया: शुक्ला

### अधिकारी भी अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियां भूले

**छिन्दवाड़ा ।** अकर्मण्य भाजपा और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिले और प्रदेश में फूटी कौड़ी का भी विकास नहीं किया है, केवल विकास का नाम लेकर जनता को भ्रमित करने निकाली निर्लज्ज भाजपा ने विकास यात्रा के नाम पर अधिकारियों को प्रचार-प्रसार में लगा दिया है और अधिकारी भी अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को दरकिनार कर सत्ता से जुड़कर कार्य कर रहे हैं वे भी यह भूल गये कि उन्होंने कभी पद अनुरूप, गोपनीयता और संविधान के अनुरूप कार्य करने की शपथ ग्रहण की थी। वर्ष 2014 से आज तक भाजपा ने केवल प्रदेश को लूटा है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि वर्तमान में मप्र पर 3 लाख करोड़ रुपयों से अधिक का ऋण हो चुका है अगर इस ऋण को प्रति व्यक्ति में विभाजित किया जाता है तो मप्र का प्रति व्यक्ति 41 हजार रुपयों का कर्जदार है। पूर्व की सरकारों के शासनकाल से शिवराज सरकार ने 16 गुना कर्ज लेकर भाजपा ने अपने मंत्री, संत्री और स्थानीय छुटभैया नेताओं का विकास किया है। है तो वहीं भाजपा के प्रचार में जुटे अधिकारियों को यह भान भी नहीं रहा है कि वे जनता की सेवा के लिये शासकीय पद पर है ना कि भारतीय जनता पार्टी का प्रचार करने के लिये। एक ही स्थान पर पद पर चिपके रहने के लिये अधिकारी अब भाजपा की गुलामी प्रसन्नता के साथ स्वीकार कर चुके हैं, सत्ता की चरण वंदना में जुटे अधिकारियों के कारण आज जिले के पीड़ित और जरूरतमंद अपनी पीड़ा लेकर सरकारी दफ्तरों के सामने घंटों बैठ रहे फिर भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही। जिले के किसी भी शासकीय कार्यालयों में समय पर जनता के कार्य नहीं हो रहे है जो पूर्णत: गलत है। पंकज शुक्ला ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर जनता के कार्यों को समय पर पूरा नहीं किया जाता है तो कांग्रेस इसकी कड़ी निंदा करती है और आगामी समय में ठोस कदम उठायेगी।शहर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने कहा कि जिले का विकास सिर्फ और सिर्फ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने किया है।

## 350 हितग्राहियों को आवास योजना की नहीं मिली किस्त

**छिन्दवाड़ा ।** जिला कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ ने आज नगरीय क्षेत्र में पूर्व सं संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण लाभ से वंचित पात्र परिवारों का दुख दर्द निगम आयुक्त के समक्ष अपने प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से रखा साथ ही आवास योजना के लिये केन्द्र से बजट में बढ़ाई गई राशि का उपयोग ऐसे परिवारों के लिये करने का सुझाव रखा जो आज भी आवास योजना के लाभ से वंचित है। जिला कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष असगर वासु अली, मुकेश पोहकार, सौरभ सोलंकी, गोविंद, शाकिर अली, रामचन्द्र वाघ एवं नीरज घोरके ने नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा के आयुक्त को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया। अपने प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से यह अवगत कराया कि नगर निगम छिन्दवाड़ा में पूर्व से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना में सातवीं एवं आठवीं डी.पी.आर. के करीब 3500 हितग्राही जिनकी दूसरी किस्त एवं तीसरी किस्त का भुगतान का इंतजार विगत 6 माह से कर रहे हैं। इन हितग्राही के मकान इन दोनों किस्तों का समय पर भुगतान नहीं होने के कारण अधूरे पड़े हुये हैं। जिला कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ छिन्दवाड़ा ने मांग की है कि जिन हितग्राहियों की दूसरी एवं तीसरी किस्त का भुगतान नहीं हुआ है उसे हितग्राहियों को खाते में डलवाने हेतु शासन को अविलम्ब पत्र लिखा जावे।

## कमलनाथ के पत्र पर जल संसाधन ने की कार्यवाही

### जल संसाधन विभाग ने पूर्व सीएम को अवगत कराया

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्र कमलनाथ ने विधानसभा क्षेत्र चौरई के अंतर्गत आने वाले पेंच व्यपवर्तन परियोजना के प्रभावित क्षेत्रवासियों के पुनर्वास एवं पुर्न विस्थापन स्थल ग्राम बांद्राढाना से देवरीढाना के मध्य पुल सहित सड़क निर्माण एवं सिवनी मार्ग में सिहोरा-माचागोरा सड़क निर्माण किये जाने की म.प्र. शासन के जल संसाधन विभाग से मांग की थी। कमलनाथ द्वारा दिनांक 22 नवम्बर 2022 को प्रेषित अपने अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक 1052 में यह उल्लेखित किया गया था कि जनहित में यह कार्य अविलम्ब पूर्ण कराये जावे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सार्थक पहल व पत्राचार के माध्यम से कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये जल संसाधन विभाग मप्र. के उपसचिव व्ही. एस. टेकाम ने दिनांक 6 फरवरी 2022 को अपने शासकीय पत्र क्रमांक एफ-15/03/02/लघु/31/301 के माध्यम से कमलनाथ को अवगत कराया कि पेंच परियोजना के पुनर्वास स्थल पर सड़क एवं पुल निर्माण हेतु विभाग से मांग की गई थी विभाग द्वारा जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुये स्थल निरीक्षण के उपरांत यह पाया गया कि पुनर्वास स्थल पर जलभराव अधिक होने के कारण उक्त कार्यों की पूर्णत में कठिनायां उत्पन्न हो सकती है अत: क्षेत्रीय विधायक श्री सुजीत सिंह चौधरी इस संदर्भ में चर्चा के उपरांत बांद्राढाना से देवरीढ़ाना के स्थान पर आवागमन हेतु चारगांव से देवरीकला के मध्य सड़क निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने पर सहमति जताई गई उक्त परिपेक्ष में ठेकेदार द्वारा अनुबंधित राशि के अनुसार चारगांव से देवरीकला के माध्य सड़क निर्माण का कार्य संपादित कराया गया है साथ ही 105 मीटर लम्बे पुल निर्माण के सम्बंध में विभागीय अधिकारियों से तत्काल प्रतिवेदन मंगाया गया है।

सिहोरा-माचागोरा सड़क निर्माण की निविदा जारी-

कमलनाथ की सार्थक पहल के परिणाम स्वरूप जल संसाधन विभाग के उप सचिव श्री टेकाम ने अपने पत्र के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सिहोरामाल एनएच 347 से पेंच बांध आरडी 3390 मीटर तक बिटूमिन रोड के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। रुपये 1054.76 लाख रुपयों की लागत से बनने वाले इस मार्ग की निविदा दिनांक 6 दिसम्बर को जारी कर दी गई है तथा अनुबंध पश्चात सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जावेगा।पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा पेंच परियोजना के अंतर्गत पुर्नवास स्थल तक सड़क एवं पुल निर्माण तथा सिहोरा-माचागोरा मार्ग के निर्माण की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।





भोपाल। डी-लिस्टिंग की मांग को लेकर जनजातीय समुदाय ने भेल दशहरा मैदान में डी-लिस्टिंग गर्जना रैली का आयोजन जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसमें आए आदिवासी समूहों ने रैली स्थल पर जनजातीय नृत्य भी प्रस्तुत किए।

# बड़वाले महादेव मंदिर में 13 फरवरी से शुरू होगा महाशिवरात्रि महोत्सव

भोपाल। पुराने शहर के कायस्थपुरा में स्थित प्राचीन श्री बड़वाले महादेव मंदिर में 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए युवाओं ने बैनर व पोस्टर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। महाशिवरात्रि महोत्सव 13 फरवरी से गणेश पूजन के साथ शुरू होगा। संयोजक संजय अग्रवाल और प्रमोद नेमा ने बताया कि इस वर्ष शिव बारात का मंदिर की इंटरनेट मीडिया पर लाइव प्रसारण किया जाएगा, जिससे बाबा श्री बटेश्वर के भक्त देश और विदेश से सीधा बारात से जुड़कर दर्शन कर सकेगें। शिव बारात 18 फरवरी 2023 को सुबह 10 बजे पुराने भोपाल के विभिन्न मार्गो से निकलेगी। बरात में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। बाबा श्री बटेश्वर जय भवानी मंदिर में पहुंचकर मां पार्वती से विवाह करेंगे। बड़ी संख्या में विवाह समारोह में शहरवासी पहुंचेंगे।



## 25 स्थानों से निकलेगी शिव बारात

महाशिवरात्रि पर शहर के शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। महाशिवरात्रि पर नए और पुराने शहर में 25 से अधिक स्थानों से शिव बारात निकलेगी। शहर के मंदिरों में भी विशेष आयोजनों के साथ कई कार्यक्रम होंगे। शहर के श्री बड़वाले महादेव मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, सिद्धेश्वर शिव मंदिर, नटबाबा मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

## भोजपुर में प्लास्टिक मुक्त होगा भंडारा

महाशिवरात्रि पर होने वाले भंडारों में पर्यावरण संरक्षण का ध्यान भी रखा जा रहा है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए भक्तों को प्रसाद वितरण में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर कागज के दोने, प्लेट, ग्लास का उपयोग किया जाएगा। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सदस्यों द्वारा भंडारा स्थल का निरीक्षण किया गया। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि शिवरात्रि के पावन पर्व पर 18 फरवरी को मंडल का 20वां विशाल भंडारा भोजपुर में लगाया जाएगा। इस विशाल भंडारे में लगभग सवा लाख भक्तों को प्रसादी की व्यवस्था की जायेगी। जिसमें साबूदाने की खिचड़ी, साबूदाने की खीर, आलू चाट, फल एवं चाय का वितरण किया जाएगा। जिन भक्तों का व्रत नहीं होगा, उनके लिए शाही खिचड़ी की व्यवस्था की जाएगी।



गढ़वाली समाज के बद्रीनाथ मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सिल्वर जुबली वर्ष पर महिलाओं ने भगवान बद्रीनाथ की पूजा अर्चना की। इस का आयोजन गढ़वाली समाज ट्रस्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर गढ़वाली समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय सिंह नेगी, संतोष सिंह नेगी, विक्रम नेगी सहित भारी संख्या में गढ़वाली समाज के लोग उपस्थित रहे।

# रायसेन में सड़क हादसा:शादी से लौट रहा परिवार कंटेनर से टकराया, 1 व्यक्ति की मौत, 4 घायल

रायसेन। शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे परिवार की कार कंटेनर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि, 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 108 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार, रायसेन के बाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात 2 बजे नर्मदापुरम के बांसवाड़ा से रायसेन जिले के बाड़ी में अपने रिश्तेदारों के यहां शादी समारोह में शामिल होने आए एक परिवार की कार वापस लौटते समय बाड़ी थाना क्षेत्र के बकतरा रोड के पास ग्राम नारदखेड़ा के बीच कंटेनर से टकरा गई। हादसे में कार में सवार जयराम साहू (50) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि, 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची बाड़ी पुलिस द्वारा 108 के पायलट पवन यादव डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने की मदद से घायलों को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया यहां से प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल के एम्स अस्पताल में रेफर कर दिया है।



# मप्र में दो दिन बढ़ेगा, फिर घटेगा पारा, पहाड़ों में बर्फबारी का असर



भोपाल। मध्यप्रदेश में हल्की ठंड का दौर एक बार फिर लौटेगा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें, तो अगले दो दिन तक दिन-रात के तापमान में 2 डिग्री तक बढ़ोतरी होगी, लेकिन 13 फरवरी से तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट होगी। पहाड़ों में बर्फबारी का असर दिखाई देगा।

मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि दक्षिण-पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। इससे तापमान में बढ़ोतरी हुई है। दो से तीन दिन रहेगी। जब यह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस उत्तरी भारत से क्रॉस हो जाएगा, तब हमारे यहां ठंडक और बढ़ेगी। तापमान 3 से 4 डिग्री तक गिर जाएगा। इसका असर प्रदेश के सभी हिस्सों में देखने को मिल सकता है।

पहाड़ों पर बर्फबारी होने के कारण दिन में हल्की ठंड बढ़ी है, लेकिन सूरज की धूप चुभ रही है। गुरुवार को देश के उत्तरी हिस्से में एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पहुंच गया। इस कारण तापमान में इजाफा हो रहा है। हल्की तेज ठंड का असर 3 से 4 दिन रहेगा। इसके बाद पारे में थोड़ी बढ़त होगी। चुभन वाली धूप भी रहेगी। फरवरी के आखिर में गर्मी की दस्तक मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फरवरी के आखिरी हफ्ते से मप्र में गर्मी दस्तक दे सकती है। मार्च के आखिरी हफ्ते से लू चलने के हालात बन जाएंगे। आमतौर पर मप्र में तेज गर्मी 15 मार्च से शुरू होती है, जो 10 जून तक चलती है। इसके बाद प्री-मानसून गतिविधियां शुरू होती हैं। मार्च में सूर्य भूमध्य रेखा के करीब पहुंच जाता है। इससे दक्षिण भारत तपने लगता है। अप्रैल में सूर्य की स्थिति बदलने के बाद ही मप्र के दक्षिणी हिस्सों से तेज गर्मी की शुरुआत होती है, जो मई मध्य तक पूरे प्रदेश को कवर कर लेती है। जून के दूसरे पखवाड़े में सूर्य की स्थिति बदलने पर मौसम भी बदलने लगता है, लेकिन इस बार गर्मी का दौर लंबा चलने के संकेत हैं।

# इंदौर-उज्जैन बीच दोहरीकरण के कारण पूरे माह निरस्त रहेंगी 22 ट्रेनें

इंदौर। इंदौर-देवास-उज्जैन रेलखंड के कड़छा-बड़लाई स्टेशन के मध्य दोहरीकरण के कार्य के चलते इंदौर से चलने वाली 22 ट्रेनों को निरस्त किया गया है। कई ट्रेनें बदले हुए फतेहाबाद रूट से चलेंगी, जबकि कई ट्रेनों को उज्जैन स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट किया जाएगा। इसी माह आए रेलवे बजट में इस रेल लाइन के लिए 185 करोड़ रुपये की राशि मिली है। इस साल दिसंबर तक यह काम पूरा करने का लक्ष्य है। काम एक साल देरी से चल रहा है।

## इतनी ट्रेनें रहेंगी निरस्त

12 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 19304 भोपाल-इंदौर एक्सप्रेस, 11 से 24 फरवरी तक गाड़ी संख्या 19344 भंडारकुंड-इंदौर एक्सप्रेस, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 22983 कोटा-इंदौर एक्सप्रेस, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09587 नागदा-इंदौर स्पेशल, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09198 महू-इंदौर स्पेशल, 12 से 24 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09351 उज्जैन-इंदौर स्पेशल, 12 से 24 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09353 उज्जैन-इंदौर स्पेशल, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09536 रतलाम-महू स्पेशल, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09541 महू-इंदौर स्पेशल, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09559 महू-इंदौर स्पेशल, 19 से 24 फरवरी तक गाड़ी संख्या 19324 भोपाल-महू एक्सप्रेस, 11 से 22 फरवरी तक गाड़ी संख्या 19303 इंदौर-भोपाल स्पेशल, ,10 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 19343 इंदौर-भंडारकुंड स्पेशल, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 22984 इंदौर-कोटा एक्सप्रेस, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09588 इंदौर-नागदा स्पेशल, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09197 इंदौर-महू स्पेशल, 12 से 24 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09352 इंदौर-उज्जैन स्पेशल, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09354 इंदौर-उज्जैन स्पेशल, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09535 महू-रतलाम स्पेशल, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09542 महू-नगर स्पेशल, 11 से 23 फरवरी तक गाड़ी संख्या 09560 इंदौर-महू स्पेशल।

# घोड़ी पर चढ़कर विकास यात्रा का झंडा लेकर निकले मंत्री



भिंड। मध्यप्रदेश सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया का विकास यात्रा के दौरान निराला अंदाज नजर आया। मंत्री ने पावई ग्राम पंचायत में पावई माता मंदिर पर पूजा अर्चना की, इसके बाद विकास यात्रा को निकालते हुए ग्रामीणों के बीच पहुंचे। सहकारिता मंत्री विकास यात्रा के दौरान घोड़ी पर सवार हुए और हाथ में विकास यात्रा का ध्वज लिए हुए नजर आए। मंत्री का यह अंदाज ग्रामीणों को खूब भाया। ग्रामीणों ने मंत्री का जगह-जगह स्वागत किया विकास यात्रा में सहभागिता निभाई।

5 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भिंड जिले से विकास यात्रा का शुभारंभ किया था। इसके बाद से यह विकास यात्रा का रथ पूरे प्रदेश में घूम रहा है। हर विधानसभा में पहुंच रहा है। इसी कड़ी में अटेर विधानसभा क्षेत्र के पावई, विरगंवा, पाली, पिथनपुरा ग्राम पंचायतों में विकास यात्रा पहुंची। यहां विकास यात्रा का नेतृत्व प्रदेश के सहकारिता मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने किया।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि विकास यात्राएं सरकार की योजना के माध्यम से हर गरीब, मजदूरों, किसानों को लाभ मिले, इसके लिए आयोजित की जा रही हैं। आप सभी सरकार की योजना का लाभ लेकर विकास की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि सरकार पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए संकल्पित है, ताकि कोई भी व्यक्ति योजना का लाभ लेने से वंचित न रह जाए।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना प्रारंभ की है, जो कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को इस योजना के तहत फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं से आग्रह किया कि अपनी ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि योजना का लाभ दिलाने के लिए महिलाओं के बीच पहुंचकर फार्म भरवाएं, ताकि उन्हें 1000 प्रति माह की राशि उनके खाते में पहुंचाई जा सके।

# एनएचएम पर्चा लीक केस में खुलासा: इसी गैंग ने सीएचओ भर्ती परीक्षा में भी लीक किया था पेपर



ग्वालियर। ग्वालियर में एनएचएम संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा में पर्चा लीक करने वाली इंटरस्टेट गैंग के बारे में पुलिस को और भी कई सूचनाएं मिल रही हैं। पुलिस के पास पुख्ता सूचना पहुंची है कि इसी गैंग ने कुछ महीने पहले हुई नेशनल हेल्थ मिशन की सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) भर्ती परीक्षा का भी पर्चा लीक किया था। पूरे प्रदेश में इस गैंग के गुर्गे सक्रिय हैं।

प्रदेश के जिन शहरों में एनएचएम परीक्षा कराता है वहां गैंग के एजेंट सक्रिय रहते हैं। अब इस गैंग के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर भर्ती परीक्षा में भी पेपर आउट करने का पता चलते ही पुलिस के अलर्ट हो गई है। अभी इस खुलासे पर पुलिस सीधे तौर पर कुछ नहीं कह रही हे। पर पुलिस ने इस मसले पर खुफिया तरीके से जांच शुरू कर दी हे।

मंगलवार को पुलिस ने एनएचएम संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा के द्वितीय पाली में होने वाली परीक्षा से पहले पेपर लीक कांड का खुलासा किया था। ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने डबरा टेकनपुर में हाइवे पर स्थित कृष्णा होटल एंड रेस्टोरेंट से इंटरस्टेट गैंग को पकड़ा था। गैंग के 8 सदस्य पुलिस ने पकड़े थे, जबकि मास्टर माइंड फरार हो गया था। इसके साथ ही 15 छात्रा और 11 छात्र ऐसे पकड़े गए थे जो परीक्षा देने से पहले पेपर लेने आए थे। जिन्होंने 1 से 3 लाख रुपए में पेपर खरीदा था। बुधवार शाम को पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था। जिनमें से पुलिस ने गैंग के मास्टर माइंड के राइट हैंड धनंजय पांडे निवासी प्रयागराज उत्तर प्रदेश, बिहार के नालंदा निवासी मनीष पासवान, ग्वालियर की गैंग का मास्टर माइंड दीपू पांडेय की रिमांड मांगी। कोर्ट ने तीनों को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर ग्वालियर क्राइम ब्रांच को सौंपा था।

## पहली शिफ्ट का पेपर मिला, निरस्त पेपर की रिपोर्ट का इंतजार

क्राइम ब्रांच को गैंग के पास से 70 से 80 परीक्षार्थियों के डॉक्यूमेंट मिले थे। इसमें आधे डॉक्यूमेंट उस परीक्षा के परीक्षार्थियों के थे जो दूसरी शिफ्ट में बैठने वाले थे, लेकिन आधे उनके थे जो इसी गैंग से आउट पेपर लेकर पहली पाली में परीक्षा दे चुके थे। इनमें से 10 से 12 लोगों को क्राइम ब्रांच ने अपने दफ्तर में तलब किया और उनसे पहली शिफ्ट के पेपर के बारे में पड़ताल की है। चौकाने वाली जानकारी मिली है। परीक्षार्थियों ने पुलिस को बताया कि गैंग ने जो सवालों की तैयारी कराई थी वही हूबहू पेपर में आए थे। इससे साफ है कि पहली शिफ्ट में लगभग 100 फीसदी पेपर मैच किया था। अब दूसरी शिफ्ट के पेपर की रिपोर्ट एनएचएम से आना शेष है। क्योंकि यह परीक्षा निरस्त होने से इसका पेपर कितना मैच हुआ है यह पता नहीं चल सका है।

## हरियाणा और प्रयागराज पुलिस टीमों ने की सर्चिंग

ग्वालियर पुलिस की दो अलग-अलग टीमें हरियाणा के सोनीपत, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में पहुंच गई हैं और छानबीन कर रही हैं। यह टीम पता लगा रही है कि यहां गैंग के सदस्यों ने अपने बारे में जो जानकारी बताई है वह कितनी सच है। प्रयागराज पहुंची पुलिस को पता लगा है कि पुष्कर, धनंजय जितने शातिर दिखते हैं उससे ज्यादा शातिर इनका साथी सौरभ भी है। यह लोग परीक्षा के पेपर आउट कर उनको बेचने का काम करते हैं। इसके लिए उनके दो साथी राजीव व राजन भी हैं।

## इंटरस्टेट गैंग के यह सदस्य अब तक पकड़े गए हैं

ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने अब तक इस गैंग के आठ सदस्यों को पकड़ा है जो इस प्रकार हैं-धनंजय पुत्र सुशील पांडे रानीपुर प्रयागराज उत्तर प्रदेश, रजनीश पुर पर रवि पुत्र रमेश जाट, जोगिंदर पुत्र रामचंद्र जाट निवासी सोनीपत हरियाणा, ऋषि कांत पुत्र रामभरोसे त्यागी महलगांव ग्वालियर, सौरभ पुत्र अवधेश तिवारी मिर्जापुर उत्तर प्रदेश, मनीष पुत्र शिव कुमार पासवान नालंदा बिहार, विपिन पुत्र वीरेंद्र शर्मा अटेर भिंड, दीपू पुत्र सतराम पांडे निवासी नारायण विहार कॉलोनी थाना गोला का मंदिर ग्वालियर हैं।